हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 44, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 11 अगस्त, 2023 दिन शुक्रवार गाजीपुर/वाराणसी

## आपका फैलाया रायता हम साफ कर रहे; आप सपने दिखाते थे, हम सपने साकार करते हैं : सीतारमण

### वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के लिहाज से भारतीय अर्थव्यवस्था बेहतर स्थिति में




नई दिल्ली। आज आर्थिक विषयों में दुनियाभर में संकट का समय है। बढ़ती महंगाई और घटती विकास दर। मैं उदाहरण के लिए विदेश में जो चल रहा है, उसके बारे में बताती हूं। उसके बाद मैं देश पर भी आऊंगी। 2022 में दुनिया की अर्थव्यवस्था सिर्फ 3 फीसदी से कुछ ऊपर रही है। वर्ल्ड बैंक के मुताबिक, वैश्विक विकास दर 2023 में 2.1 फीसदी पर आ जाएगी। ब्रिटेन में सबसे चुनौतीपूर्ण समय है और बैंक ऑफ इंग्लैंड ने ब्याज दर 14 बार लगातार बढ़ाया है। उसका ब्याज दर 15 साल में सबसे ज्यादा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारणम ने लोकसभा में ये बातें कहीं हैं। उन्होंने कहा है कि भारत अपने भविष्य के विकास के बारे में आशावादी और सकारात्मक होने की एक दुर्लभ स्थिति में है। इस दौरान उन्होंने कहा कि यूपीए के कार्यकाल में बैंकों की हालत खराब थी, आज वे मजबूत स्थिति में हैं। यूरोजोन भी काफी मुश्किल में है। वे संघर्ष का सामना कर रहे हैं। चीन एक बढ़ती अर्थव्यवस्था है। मैं अपनी अर्थव्यवस्था की उससे तुलना नहीं करुंगी। लेकिन जिसे मजबूत माना जाता था, वह आज कस्टमर की कमी से जूझ रहा है। चीन का सिचुएशन, यूके का सिचुएशन, यूरोजोन का सिचुएशन। आपने सुना होगा अमेरिका को भी डाउनग्रेड किया गया, जिसकी वजह से उसका शेयर मार्केट डंवाडोल हुआ है। हमें इन हालात को देखते हुए भारत की अर्थव्यवस्था को समझना चाहिए।

**भारत की अर्थव्यवस्था को कभी नाजुक कहने वाले अब हमारी प्रशंसा कर रहे: वित्त मंत्री**– 2013 में मॉर्गन स्टेनली ने भारत को दुनिया की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं की सूची में शामिल किया था। भारत को नाजुक अर्थव्यवस्था घोषित कर दिया गया। आज उसी मॉर्गन स्टैनली ने भारत को अपग्रेड कर ऊंची रेटिंग दी है। केवल 9 वर्षों में, हमारी सरकार की नीतियों के कारण अर्थव्यवस्था ऊपर उठी और कोविड के बावजूद आर्थिक विकास हुआ। आज हम दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं। आज देश सबसे तेज विकास दर वाली अर्थव्यवस्था है। हमारे लिए जीडीपी ग्रोथ 7.2 फीसदी है 2022-23 के लिए। इसके 2023-24 में 6.5 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान रखा गया है। जबकि बाकी इकोनॉमी के बढ़ने का अनुमान नीचे रखा गया है। ये सब कैसे संभव हुआ।

**2014 से पीएम मोदी ने देश की आर्थिक पॉलिसी में किया सुधार**– वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में कहा कि 2014 से पीएम मोदी ने हमारी पॉलिसी को इतना सुधारा कि जिसकी वजह से कोविड संकट को पार करते हुए भी रिकवरी के रास्ते में सबसे तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। जनधन योजना, डिजिटल इंडिया मिशन, आयुष्मान भारत, जन औषधि केंद्र ऐसी योजनाओं से सबको फायदा पहुंचाने का काम हुआ है। छह दशकों से हम सुन रहे थे गरीबी हटाओ, लेकिन ऐसा हुआ क्या? अब आप साफ देख पा रहे हैं कि गरीबी कैसे हटा रहे हैं। बन गए, मिल गए और आ गए। आज कल यही शब्द इस्तेमाल होता है, जनता के बीच। पहले यूपीए के समय क्या होता था शब्द। बिजली आएगी, अब होता है बिजली आ गई। पीएम आवास का घर तब होता था बनेगा। अब होता है घर बन गया। पहले होता था सड़क बनेगा,अब होता है बन गया।

## 'राहुल गांधी कभी किस करते हैं... भारत माता की हत्या की बात करते हैं, उन्हें सीखने की जरूरत'



लखनऊ। यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कभी भारत जोड़ो की बात करते हैं तो कभी भारत माता की हत्या की बात करते हैं। उन्हें अभी काफी कुछ सीखने की जरूरत है। डिप्टी सीएम केशव ने अपने बयान में कहा कि एक छोटा बच्चा भी दो तीन साल में बोलना सीख जाता है पर इतनी ज्यादा उम्र हो जाने पर भी राहुल गांधी कुछ नहीं सीख पाए। केशव ने कहा कि वो सदन में कभी आंख मारते हैं। कभी गले लगते हैं। कभी फ्लाइंग किस करते हैं। उन्हें अभी काफी कुछ सीखने की जरूरत है। राहुल गांधी पर भाजपा की कई महिला सांसदों ने लोकसभा में फ्लाइंग किस का इशारा करने का आरोप लगाया है और पत्र पर हस्ताक्षर कर लोकसभा अध्यक्ष से कार्रवाई की मांग की है।

## अब मात्र 55 मिनट में तय होगा वाराणसी से लखनऊ का सफर, सीएम योगी ने किया शुभारंभ




वाराणसी। वाराणसी के बाबतपुर स्थित लालबहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से लखनऊ की सीधी विमान सेवा गुरुवार से शुरू हो गई। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर पहली उड़ान के यात्रियों का स्वागत करने के बाद दोपहर विमान (6 ई7483) को हरी झंडी दिखाई। पर्यटन मंत्री उसी विमान से लखनऊ से बाबतपुर एयरपोर्ट आएंगे। वह यहां से लखनऊ जाने वाले यात्रियों का स्वागत करेंगे। वाराणसी से लखनऊ की दूरी 55 मिनट में ही तय की जा सकेगी। हालांकि लखनऊ से वाराणसी पहुंचने में 1.10 घंटे ही लगेंगे। लखनऊ एयरपोर्ट पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि बनारस के जनप्रतिनिधियों, उद्यमियों, व्यापारियों, विद्वत समाज और काशी विश्वनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुजनों ने लखनऊ से वाराणसी के लिए सीध विमान सेवा की मांग कर रहे थे। आगे उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी ने बीते नौ वर्षों में विकास की जिन ऊंचाइयों को छुआ है। उसे देखते हुए वाराणसी से लखनऊ के लिए सीधी हवाई सेवा की जरूरत बताई जा रही थी। जो कि आज शुरू हो रही है। इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। विमानन कंपनी इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट सप्ताह में तीन दिन (मंगलवार, गुरुवार व शनिवार) उड़ान भरेगी। फ्लाइट दोपहर 2.20 बजे लखनऊ एयरपोर्ट से उड़ान भरेगी और अपराह्न 3.10 बजे वाराणसी एयरपोर्ट पहुंचेगी। यही फ्लाइट 4.05 बजे वाराणसी एयरपोर्ट से उड़ान भरेगी और शाम 5 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंच जाएगी। वाराणसी से लखनऊ के बीच का बेसिक किराया 2500-3000 रुपये के बीच तय हुआ है, लेकिन फ्लाइट का किराया फ्लैक्सी होता है। सीटों की बुकिंग के साथ ही किराया बढ़ता और घटता रहता है। विमानन कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक, पहली उड़ान से लिए ही अच्छी बुकिंग हुई है। यात्रियों की संख्या बढ़ी तो फ्लाइट का परिचालन नियमित कर दिया जाएगा। वाराणसी से लखनऊ के बीच अच्छा एयर ट्रैफिक मिलने की उम्मीद है।

## 'चीन पर बोलिए, उसे उखाड़ फेंकिए', लोकसभा में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर बोले औवेसी



नई दिल्ली। मोदी सरकार गुरुवार यानी आज अपने दूसरे कार्यकाल में पहले अविश्वास प्रस्ताव का सामना कर रही है। सरकार के खिलाफ इस अविश्वास प्रस्ताव पर असादुदीन ओवैसी ने लोकसभा में कहा कि देश में नफरत का माहौल है। संविधान में जमीर की आजादी का जिक्र है, लेकिन यह सरकार यूसीसी लाने पर अड़ी है। उन्होंने कहा कि आखिर बिलकिस बानो को न्याय मिलना चाहिए या नहीं, वह देश की बेटी है या नहीं। ओवैसी ने मणिपुर हिंसा पर सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि मणिपुर में हथियारों को लूटा जा रहा है। क्या चीन हमारी जमीन पर नहीं बैठा है। समस्या देश में है, बॉर्डर पर नहीं। आखिर आप कुलभूषण जाधव को क्यों नहीं लाते वापस। पीएम मोदी को पसमांदा मुस्लिमों से बहुत प्यार है, लेकिन उनके कैबिनेट में एक भी पसमांदा मुस्लिम नहीं है। ओवैसी ने आगे कहा कि हमारे संविधान में जमीर की आजादी का जिक्र किया गया है। मैं प्रधानमंत्री से जानना चाहता हूं कि कहां गया इस हुकूमत का जमीर, जब नूंह में 750 इमारतों को इसलिए जमीदोज कर दिया गया क्योंकि वो मुसलमान थे। जिसके लिए पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने कहा कि ये एथनिक लिंचिंग है।

उन्होने कहा कि कल गृह मंत्री ने बड़ा लंबा जवाब दिया, लेकिन कहां गया आपका जमीर जब महिलाओं के साथ बदसलूकी की जाती है और आप वहां के मुख्यमंत्री को नहीं हटाना चाहते क्योंकि वो सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा और मणिपुर के मुख्यमंत्रियों के लिए किसी शायर ने कहा था कि कुर्सी है ये तुम्हारा जनाजा तो नहीं, कुछ कर नहीं सकते तो उतर क्यों नहीं जाते। जहां पर पचास हजार लोग बेघर हो गए। छह लाख हथियारों को लूटा जा रहा है। आखिर कहां गया आपका जमीर। असादुदीन ओवैसी ने हिजाब पर भी बात की। उन्होंने कहा कि हिजाब को एक मसला बना दिया गया और मुस्लिम बच्चियों को शिक्षा से वंचित कर दिया गया।

## यह अविश्वास नहीं, बल्कि विपक्षी इंडिया के लिए विश्वास प्रस्ताव, लोकसभा में बोलीं महुआ मोइत्रा



नई दिल्ली। मोदी सरकार गुरुवार यानी आज अपने दूसरे कार्यकाल में पहले अविश्वास प्रस्ताव का सामना कर रही है। लोकसभा में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री थोड़ी न आपकी बैठकर सुनेंगे। वे आखिरी दिन आएंगे और आपकी धज्जियां उड़ाकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुझे समझ नहीं आता कि पीएम मोदी इस सदन में क्यों नहीं आते, जहां के लिए वे चुने गए हैं। यह सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव नहीं है। यह विपक्षी इंडिया के लिए विश्वास प्रस्ताव है। मोइत्रा ने कहा कि हम यहां अपने 'तुम अभी चुप रहो' गणतंत्र में सवाल पूछने आए हैं, जहां प्रधानमंत्री एक राज्यपाल से कहते हैं 'चुप रहो'। इस सदन में निर्वाचित सांसद के रूप में हमसे नियमित रूप से कहा जाता है 'चुप रहो'। यह प्रस्ताव मणिपुर में इस मौन संहिता को तोड़ने के लिए है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी हमारी बात नहीं सुनेंगे, आखिरी दिन आकर भाषण देंगे। खैर कोई नहीं हमें इसका इंतजार है। हम इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि इससे अधिक दुर्भाग्यपूर्ण क्या है, हमारे प्रधानमंत्री ने संसद में आने से इनकार कर दिया या उन्होंने मणिपुर जाने से इनकार कर दिया।

## नूंह हिंसा के दो आरोपियों से पुलिस की मुठभेड़, एक के पैर में लगी गोली; अवैध हथियार भी बरामद

नूंह। नूंह हिंसा के बाद हरियाणा पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। गुरुवार को अपराध शाखा तावडू को बड़ी कामयाबी मिली है। नूंह हिंसा के दो आरोपियों का पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी के पैर में गोली लगी है, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, निरीक्षक संदीर मोर के नेतृत्व में गठित टीम ने नूंह हिंसा के मामले में शामिल आरोपी मुनफेद निवासी गवारका को पुलिस मुठभेड़ के बाद साथी आरोपी सैकुल निवासी गवारका के साथ गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में सैकुल के पैर में गोली लगी है। पुलिस की टीम ने आरोपी सैफुल को अस्पताल में भर्ती कराया है। टीम ने आरोपियों के पास से एक अवैध देशी कट्टा, एक बाइक समेत अन्य सामान बरामद किया है। अपराध शाखा की यह कार्रवाई तावडू के सिलखो गांव की पहाड़ी के नजदीक हुई है। हिंसा के बाद बीती 6 अगस्त तक पुलिस ने कार्रवाई कर विभिन्न जिलों में 104 एफआईआर दर्ज की हैं और 216 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि 88 और लोगों को हिरासत में लिया गया। इन सभी से पूछताछ हो रही है।वहीं 10 लोगों को सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने के आरोप में गिरफ्तार किया था। जबकि गुरुग्राम जिले में हिंसा को लेकर शुक्रवार तक 27 एफआईआर दर्ज की गई है और 38 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। 60 लोगों को एहतियातन हिरासत में लिया गया है। सूत्रों ने बताया कि भड़काऊ पोस्ट के 2300 वीडियो की जांच चल रही है। नूंह में सांप्रदायिक हिंसा के बाद रोहिंग्याओं की अवैध बस्तियों पर जिला प्रशासन का बुलडोजर चला है और 250 से ज्यादा झुग्गियों को ध्वस्त कर दिया गया है।

## 8200 देकर विधायक व एसडीएम के हाथों सरकारी रोजगार मेले में मिला नियुक्ति पत्र निकाला फर्जी

प्रखर अयोध्या। श्रीराम की नगरी अयोध्या में सरकारी रोजगार मेले में एक बेरोजगार युवक के साथ रोजगार के नाम पर बड़ा फजीर्वाड़ा हो गया। यहां सरकारी रोजगार मेले में फर्जी नौकरी देने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक बेरोजगार युवक को सरकारी रोजगार मेले में फर्जी नियुक्ति पत्र दिया गया। बता दें कि यह नियुक्ति पत्र सरकारी रोजगार मेले के अंतर्गत बीजेपी के विधायक रामचंद्र यादव के हाथ एसडीएम रुदौली की मौजूदगी में प्राप्त हुआ और इसका फोटो सेशन भी हुआ है। फर्जी नियुक्ति पत्र के एवज में फर्जी कंपनी ने युवक से 8200 रुपये भी ठग लिए हैं।

## अतीक अशरफ हत्याकांड : कोर्ट में पेश हुए तीनों शूटर, न्यायालय से अधिवक्ता नियुक्त करने के लिए मांगा समय



प्रयागराज। माफिया अतीक अहमद और अशरफ के हत्यारोपी लवलेश तिवारी, सनी सिंह, और अरुण मौर्या के विरुद्ध सत्र न्यायालय में परीक्षण शुरू हो गया है। बृहस्पतिवार को दोपहर दो बजे जिला जज संतोष राय की कोर्ट में प्रतापगढ़ की जेल में बंद तीनों आरोपित जरिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कोर्ट रूम में पेश हुए। उन्होंने कोर्ट से प्रार्थना किया कि वह अपने मनपसंद का अधिवक्ता नियुक्त करना चाहते हैं, जिनके लिए उन्हें समय दिया जाए। उनकी प्रार्थना को कोर्ट ने स्वीकार करते हुए मामले की सुनवाई के लिए 16 अगस्त की तिथि नियत किया। आरोपितों के विरुद्ध एसआईटी ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में 13 जुलाई को आरोप पत्र दाखिल किया था। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार गौतम ने आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के बाद मुकदमे को परीक्षण के लिए सत्र न्यायालय को सुपुर्द करने का आदेश दिया था। हत्यारोपित अरुण, लवलेश और सनी सिंह के विरुद्ध आईपीसी की धारा 302, 307, 302, 120 बी, 419, 420, 467, 468 आर्म्स एक्ट 377 क्रिमिनल लॉ अमेंडमेंट एक्ट के तहत उनके विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया है।

## डायलॉग में 'सीमा' ने कहा- हमें अलग नहीं कर सकती सरहद की दीवारें, पलटकर 'सचिन' बोला- जय श्रीराम

नोएडा। पाकिस्तान के कराची से ग्रेटर नोएडा आई सीमा हैदर की प्रेम कहानी अब देश-विदेश में फिल्म के जरिए बयां की जाएगी। सीमा और सचिन पर फिल्म बना रहे अमित जॉनी की कंपनी जॉनी फायर फॉक्स फिल्मस ने फिल्म में पात्रों के लिए कलाकारों का ऑडिशन शुरू कर दिया है। अजब प्रेम की गजब कहानी पर फिल्म बनाने का मौका पश्चिमी उत्तर प्रदेश के रहने वाले अमित जॉनी ने लपक लिया है। नोएडा फिल्म सिटी सेक्टर-14 स्थित एक स्टूडियो में बुधवार को उन्होंने मुख्य किरदार सीमा हैदर के रोल को निभाने के लिए कलाकारों का ऑडिशन लिया। सीमा और सचिन का मामला पहले से ही देश-विदेश में चर्चा का विषय बना हुआ है।

फिल्म में दिखाया जाएगा कि सचिन और सीमा का प्यार किस तरह परवान चढ़ा, सीमा कैसे ग्रेटर नोएडा में सचिन के पास पहुंची। किस तरह सीमा और सचिन को पुलिस और जांच एजेंसियों की पूछताछ का सामना करना पड़ा। इसमें मुख्य किरदार सीमा हैदर से मिलती जुलती अभिनेत्री की तलाश है। उधर, फिल्म के ऑडिशन की कई क्लिप वायरल हो गई हैं। वायरल क्लिप में एक्ट्रेसेस और मॉडल डायलॉग



बोलते दिखा रहे हैं। एक डायलॉग में कुछ ऐसा बोला जा रहा है, मैंने तुमसे सच्चा प्यार किया है सचिन, ये सरहद और मजहब की दीवारें हमें अलग नहीं कर सकतीं हैं। बस मुझे एक ही बात का डर लगता है सचिन, कि कहीं कोई मेरे बच्चों को लेकर... इस पर 'सचिन' बोलता है कि खबरदार... फिर कभी ऐसा बोला तो। ये सिर्फ तुम्हारे ही नहीं, मेरे भी बच्चे हैं। हम दोनों के हैं। तुम गुलाम हैदर की गुलामी से निकलो, अब और इंतजार नहीं होता। इस पर 'सीमा' बोलती है कि 'इन्नल्लाह मा साबरीन', 'सचिन' इसका अर्थ पूछता है तो सीमा कहती है कि "अल्लाह सब्र करने वालों के साथ है"। पलटकर सचिन भी जय श्रीराम कहता है। के ऑडिशन में फोन कॉल पर हो रही बातों में रिप्लाई में सीमा बनी एक्ट्रेस भी उसे जय श्रीराम बोलती है। आपको बता दें कि पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर और सचिन पर बन रही फिल्म का पोस्टर जानी फायरफॉक्स प्रोडक्शन हाउस ने रिलीज किया है।

पाकिस्तान के कराची निवासी सीमा हैदर और रबूपुरा के सचिन मीणा के बीच पबजी गेम खेलने के दौरान जान-पहचान हुई थी। वीडियो कॉलिंग के जरिये नजदीकियां बढ़ने के बाद सीमा 13 मई नेपाल के रास्ते पाकिस्तान से भारत आ गई थी। चार बच्चों संग रबूपुरा पहुंची सीमा आंबेडकर नगर में किराये पर मकान लेकर सचिन के साथ रहने लगी। मामले की भनक पुलिस को लगते ही सीमा चार बच्चों और सचिन के साथ फरार हो गई। पुलिस टीम ने सभी को हरियाणा के बल्लभगढ़ से पकड़ा था। सीमा और सचिन को गुजरात की एक कंपनी में 50-50 रुपये प्रतिमाह की नौकरी का प्रस्ताव मिलने की बात भी सामने आ चुकी है। बताया गया है कि डाक के जरिये सचिन के घर एक लिफाफा पहुंचा था। जिसमें मिले पत्र में गुजरात की एक कंपनी में दोनों को 50-50 हजार रुपये प्रतिमाह नौकरी और हर संभव मदद का आश्वासन दिया था।

## पुलिस चौकी से 50 मीटर की दूरी पर वारदात, बेटे-पोती को बनाया बंधक, बुजुर्ग दंपती पर बरसाईं गोलियां

मेरठ। मेरठ के ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र के गोरीपुरा पुलिस चौकी से 50 मीटर की दूरी पर किशनपुरा में बदमाशों ने दिनदहाड़े तकरीबन एक घंटा घर में घुसकर आतंक मचाया। बदमाशों ने स्पोर्टस कारोबारी डीके जैन और उनकी पत्नी अंजू जैन पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। फायरिंग में पति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अंजू जैन गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर कई थाने की पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल की। जानकारी के मुताबिक ब्रह्मपुरी के गौरीपुर पुलिस चौकी से 100 मीटर की दूरी पर गुरुवार सुबह करीब 8 बजे बदमाशों ने घर में घुसकर बुजुर्ग दंपत्ति को गोली मार दी। हमले में स्पोर्ट्स कारोबारी धनकुमार जैन (70) की मौत हो गई है। उनकी पत्नी अंजू जैन (65) की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें केएमसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पड़ोसी ने बताया कि दो नकाबपोश बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया है। बदमाशों ने पहले कारोबारी के छोटो बेटे और पोती को कमरे में बंधक बना लिया। फिर उस के बाद लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। जब बुजुर्ग दंपती ने विरोध किया तो उन को गोली मार दी गई।



घटना ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र की है। मौके पर आईजी नचिकेता झा, एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, एसपी सिटी पीयूष सिंह भी पुलिस बल के साथ मौजूद हैं। बताया जा रहा है कि में दो हमलावर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। पुलिस के सीसीटीवी मुताबिक किसी करीबी ने ही घटना को अंजाम दिया है।

संपादकीय

## संसद ही सर्वोपरि, सरकार जीती-इंडिया हारा

राज्यसभा में विपक्षी गठबंधन इंडिया पराजित हो गई है। सरकार को 131 मत बिल के समर्थन में प्राप्त हुए हैं वहीं विपक्षी गठबंधन इंडिया को 102 मत ही प्राप्त हुए। बहुमत और अंकगणित के इस खेल में सरकार जीत गई, और इंडिया हार गई यही कहा जा सकता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जिस तरह से संसद की सर्वोच्चता पर जवाब देते हुए केंद्र सरकार की शक्तियों को बताया। उससे इतना तो स्पष्ट हो गया कि केंद्र सरकार पूर्ण शासित राज्यों को भी जब चाहे तब उनका विघटन कर सकती है। दिल्ली संशोधन सेवा बिल केंद्र शासित राजधानी, दिल्ली राज्य के लिए लाया गया है। जहां पर राज्य सरकार को सीमित अधिकार हैं। गृहमंत्री ने कहा, जो नियम और कानून कांग्रेस की सरकार के समय बने थे। उसमें कामा और फुल स्टाप का भी अंतर नहीं है। उन्होंने पिछले 30 वर्षों का दिल्ली सरकार के अधिकार और केंद्र सरकार के अधिकार को लेकर जब तक केजरीवाल नहीं आए थे। तब तक केन्द्र और राज्य के बीच कोई झगड़ा नहीं हुआ था। तब इस तरह के बिल लाने की जरूरत नहीं थी। जब से केजरीवाल आए हैं, वह केंद्र की शक्तियों को लगातार चुनौती दे रहे हैं। ऐसी स्थिति में इस बिल को लाने की दरकार हुई है ऐसा कहकर उन्होंने बिल का बचाव किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यह भी बता दिया कि आंध्र प्रदेश का बंटवारा तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के बीच पीए ने किया गया था। यह सभी शक्तियां संसद के पास हैं। उन्होंने संसद की सर्वोच्चता साबित करते हुए, न्यायपालिका के अधिकारों को सीमित बताने का प्रयास किया अमित शाह ने यह भी स्पष्ट रूप से कहा कि संसद में निर्वाचित प्रतिनिधि चुनकर आते हैं। उन्हें कानून बनाने की शक्तियां हैं। इससे स्पष्ट होता है, की न्यायपालिका ने जो कानून बनाए हैं। उनकी समीक्षा ही न्यायपालिका का कर सकती है सरकार को लगता है कि वह न्यायपालिका के निर्णय से संतुष्ट नहीं है। तो वह संविधान में समय-समय पर संशोधन भी कर सकती है। नए-नए कानून भी बना सकती हैं इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए जम्मू-कश्मीर में जब धारा 370 खत्म की गई उसके बाद जम्मू-कश्मीर राज्य को अलग-अलग राज्यों में बांटने का काम किया गया। इससे स्पष्ट हो गया कि संसद जब चाहे तब संविधान और नियम और कानूनों में जो चाहे परिवर्तन बहुमत के आधार पर कर सकती है। यदि इसी को सच मान जाए, तो जब इंदिरा गांधी ने आपातकाल की घोषणा की थी। उन्हें लोकसभा और राज्यसभा में पूर्ण बहुमत था ऐसी स्थिति में उन्होंने जो भी नियम कानून बनाए, उन्हें भी चुनौती नहीं दी जा सकती थी। संविधान में वर्णित मौलिक अधिकार भी अब नागरिकों के सुरक्षित नहीं रहे। यदि संसद की इस सर्वोच्चता को ध्यान में रखा जाए, तो इन मौलिक अधिकारों को खत्म करते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था में जो अधिकार जनता को दिए गए हैं। जनता ही अपने प्रतिनिधि चुनेगी वहीं सरकार बनाएंगे। संविधान में संशोधन करके इसे भी बदला जा सकता है। जिस तरह का बदलाव जम्मू-कश्मीर में केंद्र सरकार द्वारा दो नए केंद्र शासित प्रदेश बनाकर किया गया है। उसके बाद अब किसी भी राज्य को तोड़ना और अपने हिसाब से उसे नया स्वरूप देना, यह बहुमत के आधार पर संसद कभी भी कर सकती है। इसके बाद संघीय व्यवस्था और राज्यों के अधिकार केन्द्र सरकार की कृपा पर हो जाएंगे। यह इस बिल के पास होने से स्पष्ट हुआ है। इंडिया गठबंधन को मात्र 102 वोट मिले हैं सरकार ने बीजू जनता दल के 9 सांसद और वाईएसआर के 9 सदस्यों का समर्थन हासिल कर लिया था यदि 18 राज्यसभा सदस्य इंडिया के पक्ष में मतदान करते, तो इनकी सदस्य संख्या 120 हो जाती। एनडीए की संख्या 131 से घटकर 113 हो जाती है। अंक गणित के इस सिद्धांत को बहुमत मैं परिवर्तित करके राजनीतिक कौशल का परिचय केंद्र सरकार देकर यह बता दिया है, कि लोकसभा और राज्यसभा में यदि पूर्ण बहुमत है। तो उस सरकार को वह सब करने का अधिकार है। जो वह बहुमत के बल पर करना चाहती है। संविधान में मौलिक अधिकार का अनुच्छेद है। उसे भी सरकार बहुमत के आधार पर कभी भी बदल सकती है संविधान भी बदला जा सकता है, और नियम कानून भी अब बदले जा सकते हैं।

## जाना जन दरबार !



हो रहा प्रयास अब ।
कौन किस पर भारी ?
अपने अपने ढ़ंग से ।
चल रही तैयारी ।।
आ रहा वो समय ।
जाना जन दरबार ।।
जी जान से हैं जुटे ।
दे रहे हैं धार ।।
लांछन और आरोप की ।
बह रही बयार ।।
थोड़ा थोड़ा शुरू हुआ ।
देश पर उपकार ।।
बुद्धिजीवी फ्रंट पर ।
फर्ज.है निभाना ।।
कदमताल अनवरत ।
बज रहा भी गाना ।।
–कृष्णेन्द्र राय

# भारत के बारे में झूठा विमर्श गढ़ने के प्रयास हो रहे हैं, सबको सतर्क रहने की जरूरत है

**प्रह्लाद सबनानी**

भारत में विभिन्न क्षेत्रों में विकास से संबंधित हाल ही में जारी किये गए आंकड़ों को देखने के पश्चात ध्यान में आता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था अब पटरी पर तेजी से दौड़ने लगी है। परंतु, देश के मीडिया में भारत के आर्थिक क्षेत्र में लगातार बन रहे नित नए रिकार्ड का जिक्र कहीं भी नहीं है। इसके ठीक विपरीत देश में रोजगार के अवसर नहीं बढ़ रहे हैं, गरीब अति गरीब की श्रेणी में जा रहा है, मुद्रा स्फीति की दर अधिक हो रही है, भुखमरी बढ़ रही है, हिंसा बढ़ रही है, अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहे हैं, आदि विषयों पर विमर्श गढ़ने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है। भारत में झूठे विमर्श गढ़ने का इतिहास रहा है। अंग्रेजों के शासन काल में भी कई प्रकार के झूठे विमर्श गढ़ने के भरपूर प्रयास हुए थे जैसे पश्चिम से आया कोई भी विचार वैज्ञानिक एवं आधुनिक है, भारत सपेरों का देश है एवं इसमें अपढ़ गरीब वर्ग ही निवास करता है, सनातन भारतीय संस्कृति रूढ़िवादी एवं अवैज्ञानिक है, शहरीकरण विकास का बड़ा माध्यम है अतः ग्रामीण विकास को दरकिनार करते हुए केवल शहरीकरण को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, शहरी, ग्रामीण एवं जनजातीय के बीच में आर्थिक विकास की दृष्टि से शहरी अधिक महत्व के क्षेत्र हैं, विदेशी भाषा को जानने के चलते नागरिकों में आत्मविश्वास बढ़ता है, संस्कृति से अधिक तर्क को महत्व दिया जाना चाहिए, व्यक्ति एवं समश्टि में व्यक्ति को अधिक महत्व देना अर्थात व्यक्तिवाद को बढ़ावा देना चाहिए (पूंजीवाद की अवधारणा), कम श्रम करने वाला व्यक्ति अधिक होशियार माना गया, सनातन हिन्दू संस्कृति पर आधारित प्रत्येक चीज को हेय दृष्टि से देखना, जैसे दिवाली के पटाखे पर्यावरण का नुक्सान करते हैं, होली पर्व पर पानी की बबार्दी होती है। कुल मिलाकर पश्चिमी देशों द्वारा आज सनातन भारतीय संस्कृति पर आधारित हिन्दू परम्पराओं पर लगातार प्रहार किए जा रहे हैं।



पश्चिमी देशों एवं कई विदेशी संस्थानों द्वारा भारत के विरुद्ध गढ़े जा रहे विमर्श के विपरीत भारत लगातार आर्थिक क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत के विकास में सेवा क्षेत्र का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है क्योंकि देश के सकल घरेलू उत्पाद में 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सा सेवा क्षेत्र का ही रहता है एवं रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने में भी सेवा क्षेत्र का अहम स्थान है और इससे जुड़ी सर्विस पीएमआई के माह जुलाई 2023 के आंकड़े आ गए हैं। एसएंडपी ग्लोबल का इंडिया सर्विसेज पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स यानी पीएमआई का स्तर जुलाई में 62.3 पर रहा है जोकि पिछले 13 वर्षों का उच्च स्तर है और इसके जरिए भारत के सेवा क्षेत्र में हो रहे शानदार विकास का पता चलता है। सेवा क्षेत्र से निर्यात भी बहुत तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। सेवा निर्यात संवर्द्धन परिषद (एसईपीसी) ने यह उम्मीद जताई है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत से सेवाओं का निर्यात 400 अरब डॉलर पर पहुंच सकता है। वाणिज्य मंत्रालय के शुरूआती आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत से सेवा क्षेत्र में निर्यात वित्तीय वर्ष 2021-22 के 254 अरब डॉलर से 42 प्रतिशत अधिक अर्थात 323 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। परिषद के चेयरमैन ने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए सेवा क्षेत्र से 300 अरब डॉलर के निर्यात का लक्ष्य रखा गया था जबकि वास्तव में यह 323 अरब डॉलर का रहा है।

कर संग्रहण के क्षेत्र में भी भारत में नित नए रिकॉर्ड बनाए जा रहे हैं। जुलाई 2023 माह में वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण 11 प्रतिशत की वृद्धि दर अर्जित करते हुए 1.65 लाख करोड़ रुपए का रहा है, जो जुलाई 2022 माह में 1.49 लाख करोड़ रुपए का एवं जून 2023 माह में 1.61 लाख करोड़ रुपए का रहा था। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण के लिए 9.56 लाख करोड़ रुपए का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी प्रकार, वित्तीय वर्ष 2022-23 से सम्बंधित आय कर रिटर्न दाखिल करने वाले नागरिकों की संख्या 31 जुलाई 2023 तक 6.77 करोड़ हो गई है, जो वित्तीय वर्ष 2021-22 से सम्बंधित फाइल किए गए 5.83 करोड़ रिटर्न की तुलना में 16.1 प्रतिशत अधिक है। हर्ष का विषय यह है कि इस वर्ष 53.67 लाख नागरिकों ने पहली बार आय कर रिटर्न दाखिल किया है, अर्थात भारत में अब कर जमा करने के सम्बंध में जागरूकता बढ़ रही है एवं गरीब वर्ग अब मध्यम वर्ग की श्रेणी में आ रहा है। भारत में माह जुलाई 2023 में ऊर्जा का उपभोग 8.4 प्रतिशत बढ़कर 13,900 करोड़ यूनिट्स के स्तर को पार कर गया है, जो अपने आप में एक रिकार्ड है।

भारत में आर्थिक गतिविधियां तेजी से आगे बढ़ रही है यह इस बात से भी सिद्ध होता है कि भारत में बैंकों द्वारा प्रदत्त किए जा रहे ऋणों में जबरदस्त उछाल दृष्टिगोचर है। जून 2023 माह में बैंकों के गैर खाद्यान्न ऋणों में 16.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि मई 2023 माह में 15.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। कृषि क्षेत्र में 20 प्रतिशत, सेवा क्षेत्र में 27 प्रतिशत एवं उद्योग क्षेत्र में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। साथ ही, जून 2023 माह में भारत के 8 मूलभूत क्षेत्रों द्वारा 8.2 प्रतिशत की वृद्धि अर्जित की गई है। स्टील उद्योग ने तो 21.9 प्रतिशत की वृद्धि दर अर्जित की है, वहीं कोयला एवं सिमेंट क्षेत्र में भी वृद्धि दर का आंकड़ा दहाई से भी अधिक का रहा है। 8 में से 7 क्षेत्रों में वृद्धि दर अच्छी रही है।


भारत इस्पात उत्पादन के क्षेत्र में जापान को पीछे छोड़ते हुए आज वैश्विक स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक देश बन गया है। भारत द्वारा इस्पात के क्षेत्र में आयात को कम करके 34,800 करोड़ रुपये बचाए गए हैं क्योंकि भारत में लगभग 6 करोड़ टन कच्चे इस्पात की क्षमता को जोड़ा गया है। भारत की इस्पात उत्पादन क्षमता वर्ष 2014-15 में 109.85 मीट्रिक टन थी जो वर्ष 2022-23 में बढ़कर 160.30 मीट्रिक टन हो गई है। इस प्रकार, अब इस्पात का कुल उत्पादन 88.98 मीट्रिक टन से बढ़कर 126.66 मीट्रिक टन हो गया है। भारत द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में लगातार प्राप्त की जा रही विभिन्न उपलब्धियों को दरकिनार करते हुए, भारत के बारे में भ्रांतियां फैलाई जाती रही हैं। जैसे, भारतीय कुछ नया करें तो उसे ह्यजुगाड़ह्ल कहा जाता है और चीन यदि कुछ नया करे तो ह्यरिवर्स इंजिनीयरिंग। पश्चिम का प्रत्येक कदम वैज्ञानिक है, परंतु भारतीय आयुर्वेद को हर बात सिद्ध करने की आवश्यकता होती है। पश्चिम का अधूरा अध्ययन भी साइन्स की श्रेणी में है, परंतु भारत के कई प्राचीन वैज्ञानिक तथ्य भी रूढ़िवादी माने जाते हैं। पश्चिमी विचारधारा में व्यक्ति की भावुकता के लिए कोई स्थान नहीं है, केवल तकनीकी के बारे में ही विचार किया जाता है।

# केजरीवाल की अहंकारी राजनीति का खामियाजा दिल्ली को भुगतना पड़ रहा है

**ललित गर्ग**

आखिरकार केजरीवाल सरकार के अधिकार सीमित करने वाला दिल्ली सर्विस बिल राज्यसभा में भी पास हो गया। सोमवार को राज्यसभा में बिल के समर्थन में 131 व विरोध में 102 वोट पड़े। बहरहाल, अब संसद के दोनों सदनों से पारित होने के बाद बिल राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के उपरांत कानून का रूप ले लेगा। केंद्र सरकार ने केजरीवाल सरकार की मनमानी, भ्रष्टाचार एवं अनियमिताओं पर नियंत्रण लगाने के लिये इस बिल को सफलतापूर्वक पारित कर लिया है, इससे विपक्ष और विशेषकर कांग्रेस की भी हार एवं किरकिरी हुई है। आम आदमी पार्टी की जिद, अहंकार एवं राजनीतिक महत्वाकांक्षा लोकतंत्र के मंदिर संसद में संविधान के सामने परास्त हो गई। क्योंकि संविधान केवल अधिकार नहीं देता, शुद्ध आचरण की अपेक्षा भी करता है। निःसन्देह यह भाजपा सरकार की ऐतिहासिक जीत इसलिये है क्योंकि पहले कयास लगाये जा रहे थे कि राजग के सभी सहयोगियों के वोट मिलने के बावजूद केंद्र सरकार राज्यसभा में बिल को पारित नहीं करवा पायेगी। वह भी तब जब एक-दूसरे पर लगातार हमलावर रहने वाले आप व कांग्रेस समेत इंडियन नेशनल डिवेलपमेंटल इन्क्लुसिव अलायंस इंडिया के सभी घटक दल बिल के खिलाफ एकजुट हो चुके थे।

दरअसल, लोकसभा में बहुमत होने के चलते राजग सरकार ने बिल आसानी से पास करा लिया था, लेकिन राज्यसभा में बहुमत न होने ने उसकी चिंता बढ़ा दी। ऐसे वक्त में ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के बीजू जनता दल तथा जगन मोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआरसीपी ने राजग की नैया पार लगा दी। निश्चित रूप से यह इंडिया गठबंधन की बड़ी नाकामी है। भ्रष्टाचार एवं अन्य लोकतांत्रिक मूल्यों के हनन के कारण इस तरह की पराजय नये भारत के लिये जरूरी भी है, दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी होने के बावजूद आम आदमी पार्टी और उसके नेता अरविन्द केजरीवाल ने अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के लिये दिल्ली की जनता के प्रति निरन्तर संवेदनहीनता का प्रदर्शन किया है, जिसका खामियाजा उनको प्राप्त अधिकारों के पर कतरने के रूप में सामने आया है, और इन्हीं कारणों के चलते यह संशोधन लाना पड़ा है।



केंद्र सरकार के दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र शासन संशोधन विधेयक 2023 पर आम आदमी पार्टी और उसके साथ खड़े सभी राजनीतिक दलों को मुंह की खानी पड़ी। याद रखें कि आम आदमी पार्टी ने इस विधेयक को पारित होने से रोकने के लिए ऐड़ी-चोटी का जोर लगाया था। आप के सर्वेसर्वा एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सभी गैर-भाजपा सरकारों के मुख्यमंत्रियों एवं भाजपा विरोधी राजनीतिक दलों से बिल पर समर्थन जुटाने के लिए भारत भ्रमण तक कर लिया था। दिल्ली कांग्रेस के विरोध के बाद भी कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व को मजबूर कर दिया कि वह लोकसभा और राज्यसभा में इस विधेयक के खिलाफ आम आदमी पार्टी का साथ दे। इसके बाद भी आप पार्टी के हाथ जब कुछ नहीं आया, तो उसके नेताओं ने अन्य अनैतिक एवं अलोकतांत्रिक रास्ते भी अपनाने का प्रयास किया। राज्यसभा में आप के सांसद राघव चड्ढा ने इस बिल को सिलेक्ट कमेटी के पास भेजे जाने का प्रस्ताव रखा। सत्ता पक्ष के पांच सदस्यों ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि उनकी सहमति के बिना प्रस्ताव में उनके नाम डाले गए, जिसे हद दर्जे की मनमानी, फजीर्वाड़ा और अपराध मानते हुए इस मामले को विशेषाधिकार समिति के पास भेजे जाने की मांग की गयी, उपसभापति हरिवंश ने इसकी जांच की बात कही है। संभव है इस पर आप के सांसद राघव चड्ढा को सजा हो। दिल्ली सरकार में तरह-तरह के भ्रष्टाचार एवं जालसाजी के किस्से आम बात हो गयी थी, विडम्बना है कि देश की भोलीभाली जनता को इन भ्रष्टाचारों को भाजपा की चाल करार देकर सहानुभूति जुटाने में माहिर आप सरकार ने संसद को भी नहीं बख्शा। संसद के भीतर जालसाजी के आरोपों में फंसी आप पार्टी ने खेद प्रकट करने की जगह कार्रवाई के डर से, अभी से शोर मचाना शुरू कर दिया है कि भाजपा अब उसके सांसद राघव चड्ढ़ा के पीछे पड़ गई है। यह तो वही बात हुई कि एक तो चोरी और ऊपर से सीनाजोरी। यदि राघव चड्ढ़ा सही हैं, उन्होंने कोई फजीर्वाड़ा नहीं किया है, तब उन्हें और उनकी पार्टी के नेताओं को डरने की जरूरत क्यों होनी चाहिए?

आप पार्टी एवं उसके नेता केजरीवाल की राजनीति एवं सोच विकृत है, उनका व्यवहार झूठा है, चेहरों से ज्यादा नकाबें उन्होंने ओढ़ रखे हैं, उन्होंने सारे लोकतांत्रिक एवं राजनीतिक मूल्यों को धराशायी कर दिया है। ऐसी मूल्यहीन राजनीति के चलते देश के भविष्य को लेकर करोड़ों लोग चिन्ता एवं ऊहापोह में हैं। वक्त आ गया है कि देश की राजनीतिक संस्कृति की गौरवशाली विरासत को सुरक्षित रखने के लिये सतर्क एवं सावधान होना होगा। दिशाशून्य हुए नेतृत्व के सामने नये मानदण्ड रखने होंगे। जो राजनीतिक दल फजीर्वाड़े एवं भ्रष्टाचार को सामान्य मानते हैं, उन्हें आइना दिखाना होगा। हर कहीं जनता की आंखों में धूल झोंकने के लिए कुछ भी कह दो, कुछ भी कर लो और उजागर होने पर माफी मांगकर आगे बढ़ जाओ की विकृत सोच, चालाकी एवं अवसरवादी राजनीति पर नियंत्रण करना होगा। संभवतः दिल्ली सर्विस बिल का संसद में सफलतापूर्वक पारित होना, इस दिशा में एक सार्थक पहल है, एक सबक है, एक सन्देश है कि सावधान हो जाओ देश को गुमराह करने वालो, लूटने वालों। राजनैतिक वितंडावाद को ही राजनीति समझने वाले आप के नेताओं को समझना चाहिए कि संसद जैसा मंच इस प्रकार की ओछी, संकीर्ण एवं स्वार्थी हरकतों के लिए नहीं है। संसद के किसी भी पटल पर, कोई भी बात गंभीरता से, जांच-पड़ताल करने के उपरांत ही रखनी चाहिए। परंतु जिन्होंने दिल्ली की विधानसभा को ही अपनी राजनीतिक जागीर मानकर अपनी खुन्नस निकालने एवं मनमानी करने का अखाड़ा बना लिया हो, उनसे संसद की गरिमा की अपेक्षा करना कितना उचित होगा?

# इंडिया गठबंधन की बैठक से पहले ही सपा-रालोद ने सीटों के बँटवारे पर चर्चा शुरू कर दी है

**स्वदेश कुमार**

उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी-राष्ट्रीय लोकदल और कांग्रेस ने अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए गठबंधन तो कर दिया है लेकिन लगता है इन दलों के नेताओं का दल के साथ दिल नहीं मिल पाया है। गठबंधन की अभी बुनियाद ही पड़ी थी और इसके कमजोर होने का अहसास भी होने लगा है। ऐसा इसलिए लग रहा है क्योंकि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को अनदेखा करते हुए समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल ने सीटों के बंटवारे की कवायद शुरू कर दी है। सूत्र बताते हैं कि राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव को पश्चिमी उत्तर प्रदेश की करीब एक दर्जन उन लोकसभा सीटों की सूची थमा दी है, जिस पर वह अपने प्रत्याशी उतारना चाहते हैं। जयंत चौधरी ने जिन सीटों का चयन किया है वह मुस्लिम और जाट बाहुल्य हैं। इसको लेकर समाजवादी पार्टी में भी मंथन शुरू हो गया है, लेकिन पूरी ह्यपिक्चरह्ल से कांग्रेस गायब है। जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की कई सीटों पर कांग्रेस की भी नजर लगी हुई है। अभी कांग्रेस की तरफ से



इसको लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन उत्तर प्रदेश कांग्रेस का आलाकमान इस पर नजर रखे हुए है। ऐसा लगता है कि लोकसभा चुनाव से पहले गठबंधन दलों के बीच दबाव की राजनीति का दौर शुरू हो गया है। सूत्रों के मुताबिक राष्ट्रीय लोकदल ने सपा के साथ गठबंधन में बने रहने के लिए दर्जन भर सीट मांगी हैं। लेकिन समाजवादी पार्टी लोकसभा की सिर्फ दो सीट ही देने के मूड में है। बताया जा रहा है कि यदि अखिलेश रालोद का ऑफर नहीं मानते हैं तो जयंत चौधरी कोई भी फैसला ले सकते हैं। माना जा रहा है कि आरएलडी की बीजेपी से भी बात चल रही है। बताया जा रहा है कि आरएलडी ने बिजनौर, सहारनपुर, मथुरा, हाथरस, बुलंदशहर, मेरठ, बागपत, नगीना, मुजफ्फरनगर और कैराना सीट से अपना उम्मीदवार उतारने की मांग की है। हालांकि बताया यह भी जा रहा है कि आरएलडी ने बीजेपी से संपर्क करने की कोशिश की थी लेकिन अभी कुछ फायनल नहीं हुआ है। वैसे चर्चा यह भी है कि बीजेपी आलाकमान जयंत चौधरी को इंडिया गठबंधन से एनडीए के पाले में लाने की कवायद में लगा है, लेकिन उन्हें अपनी पार्टी के बीजेपी में विलय का प्रस्ताव दिया गया है। दूसरा ऑफर उन्हें एक सीट देने का दिया गया। ऐसे में आरएलडी ने बीजेपी के साथ जाने से इंकार कर दिया है। वैसे भी अगर आंकड़ों के नजरिए से देखें तो पश्चिम में बीजेपी के लिए रालोद से ज्यादा बसपा फायदेमंद है। बसपा के साथ आने से बीजेपी हारी हुई सीटों पर भी जीत हासिल कर सकती है। बसपा सुप्रीमों मायावती की चुप्पी भी बता रही है कि उनका झुकाव बीजेपी की तरफ बढ़ता जा रहा है। 07 अगस्त 2023 को राज्यसभा में जब दिल्ली पर बिल आया तब और उसके बाद लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव के दौरान भी बसपा मोदी सरकार के साथ खड़ी नजर आई।

गौरतलब है कि करीब तीन माह पूर्व राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) अध्यक्ष जयंत चौधरी ने सपा से गठबंधन टूटने की अफवाहों पर विराम लगा दिया था। उन्होंने 2024 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से गठबंधन को लेकर कहा था कि इस पर फैसला विपक्षी दल मिलकर लेंगे। आरएलडी को लेकर यह भी कयास लगाए जा रहे थे कि वह पटना में विपक्षी गठबंधन की बैठक में शामिल होगी, लेकिन वहां जयंत चौधरी की गैर-मौजूदगी को दबाव की राजनीति के तौर पर देखा जा रहा है। वैसे राज्यसभा में भी जब मानसून सत्र के दौरान दिल्ली के संबंध में बिल आया तो जयंत चौधरी सदन से गैरहाजिर थे। इस पर उनकी पार्टी द्वारा सफाई दी जा रही है कि मेडिकल इमरजेंसी के चलते वह वोटिंग के समय मौजूद नही रह पाए थे। बहरहाल, राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी जिस तरह से सीटों के बंटवारे के लिए तेजी दिखा रहे हैं उसको लेकर राजनैतिक पंडितों का कहना है कि जयंत चौधरी नहीं चाहते हैं कि इंडिया गठबंधन में तब सीटों का बंटवारा हो, जब उनके लिए भाजपा में जाने के सभी रास्ते बंद हो जाए। अभी यदि अखिलेश यादव सीटों के बंटवारे में रालोद को थोड़ा भी ना नुकुर दिखाएंगे तो रालोद पाला बदलने में देर नहीं करेगा। वैसे भी रालोद के आईडियोलॉजी सबके साथ फिट हो जाती है।

# अनुसूचित जाति ,जनजाति, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक शिक्षक महासभा उ०प्र के प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षकों की समस्याओं को लेकर दिया प्रार्थना पत्र

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। अनुसूचित जाति ,जनजाति, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक शिक्षक महासभा उ०प्र० के प्रतिनिधि मंडल द्वारा कई शिक्षक समस्याओं को लेकर संयुक्त शिक्षा निदेशक वाराणसी व जिला विद्यालय निरीक्षक वाराणसी से वार्ता कर जल्द से जल्द समस्याओं के निस्तारण हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया ` श्री कच्चा बाबा इण्टर कालेज जाल्हूपुर वाराणसी के वरिष्ठ प्रवक्ता कोमल प्रसाद यादव को प्रबंधक द्वारा 8 अगस्त को अकारण निलंबन आदेश दिया है साथ ही विद्यालय के सभी शिक्षकों को अकारण हमेशा नोटिस जारी कर मानसिक शोषण एवं विद्यालय के शैक्षिक वातावरण को दूषित किया जाता है` श्री कच्चा बाबा इण्टर कालेज जाल्हूपुर वाराणसी की समस्याओं के निस्तारण हेतु संयुक्त शिक्षा निदेशक वाराणसी व जिला विद्यालय निरीक्षक वाराणसी वार्ताकर पत्र देकर यथाशीघ्र कोमल प्रसाद यादव का निलंबन आदेश वापस कराने व विद्यालय प्रबंधक पर सख्त कार्यवाही की मांग की गई ` श्रद्धेय चक्रेश



(सहायक अध्यापक) इण्टर कॉलेज तरती धनेथू मड़ियाहूं जौनपुर के चयन वेतनमान जल्द से जल्द लगाने हेतु संयुक्त शिक्षा निदेशक वाराणसी को पत्र दिया गया` श्रद्धेय बलवंत राव गौतम (सहायक अध्यापक) गहमर इण्टर कॉलेज गहमर गाजीपुर के चयन वेतनमान जल्द से जल्द लगाने हेतु संयुक्त शिक्षा निदेशक वाराणसी को पत्र देकर मांग की गई ` प्रतिनिधि मंडल में श्रद्धेय श्याम अवध प्रसाद (प्रांतीय संरक्षक), श्रद्धेय बृजेश कुमार भारती (प्रांतीय महामंत्री), श्रद्धेय सुनील कुमार प्रसाद (प्रांतीय संगठन मंत्री), श्रद्धेय बलदेव प्रताप (मंडल संरक्षक), श्रद्धेय अरविंद कुमार दाशा (मंडल अध्यक्ष वाराणसी), श्रद्धेय राम लौट आलोक जी (मंडल महामंत्री), श्रद्धेय विजय गौतम (मंडल उपाध्यक्ष), श्रद्धेय राजेश प्रसाद (मंडल संगठन मंत्री), श्रद्धेय दयाशंकर (वरिष्ठ प्रवक्ता हरिश्चंद्र इण्टर कालेज), श्रद्धेय नंदलाल रवि (वरिष्ठ प्रवक्ता), श्रद्धेय ओम प्रकाश अम्बेडकर (उप प्रधानाचार्य), श्रद्धेय कोमल प्रसाद यादव (वरिष्ठ प्रवक्ता), श्रद्धेय मुकेश कुमार (वरिष्ठ प्रवक्ता), श्रद्धेय दिव्य प्रकाश, श्रद्धेय सुरेश प्रसाद (जिला महामंत्री), श्रद्धेय आनंद प्रकाश (जिला कोषाध्यक्ष), श्रद्धेय गुलाब चन्द्र (जिला मीडिया प्रभारी) श्रद्धेय अरविंद कुमार राय सहित श्री कच्चा बाबा इण्टर कालेज जाल्हूपुर वाराणसी के तमाम शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

# कृमि दिवस पर हजारों बच्चों को दी गई एबेंडाजोल की गोली



प्रखर पिंडरा वाराणसी। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर जवाहर नवोदय विद्यालय गजोखर समेत विभिन्न सरकारी व निजी विद्यालयों में बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। जिसका शुभारंभ जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रधानाध्यापक नागेश मिश्रा बच्चों को खिलाकर किया। वही उच्च प्राथमिक विद्यालय मंगारी में खण्ड शिक्षा अधिकारी देवी प्रसाद दुबे ने छात्रों को दवा खिलाई। इस दौरान नोडल डॉ0 अनुपम सिंह, डॉ0 अफरोज अहमद, रविन्द्र चौरसिया, दिनेश कुमार गुप्ता और स्टॉप नर्स ज्योति उपस्थित रही। इस दौरान बच्चों को बताया गया कि इस दवा को खाने से हमारा शरीर क्रीमी मुक्त रहेगा और हम स्वस्थ भारत अभियान के तहत स्वस्थ रहेंगे। परिषदीय विद्यालयों में मध्यावकाश में एबेंडाजोल की गोली बच्चों को दी गई। नोडल अधिकारी डॉ अनुपम सिंह ने बताया कि निजी और सरकारी स्कूलों में 45 हजार से अधिक बच्चों को दवा की खुराक दी गई।

## संक्षिप्त खबरें

### रज्जू भैया में एमएससी केमिस्ट्री में प्रवेश शुरू

प्रखर जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के रज्जू भैया संस्थान में एमएससी प्रथम वर्ष में प्रवेश 20 जुलाई से प्रारंभ है ` कुछ बची सीटो पर प्रवेश अभी होना है। इच्छुक प्रवेशार्थी प्रवेश हेतु समन्वयक डॉ मिथिलेश यादव रसायन विज्ञान विभाग से संपर्क कर सकते हैं। यह जानकारी विभागाध्यक्ष, डॉ प्रमोद कुमार ने दी।

### गौराबादशाहपुर कस्बे में पुनःबस स्टॉप स्थापित



प्रखर गौराबादशाहपुर। विगत कई वर्षों से चल रहे रोडवेज बसों के अनियमित संचालन से त्रस्त जनता की शिकायत के निवारण हेतु सामाजिक कार्यकर्ता डॉ.जयसिंह राजपूत के अथक प्रयास से नगर पंचायत गौराबादशाहपुर (बंजारेपुर पंचायत भवन)के पास पुनः रोडवेज बस स्टॉप स्थापित किया गया। ज्ञातव्य हो कि जब से गौराबादशाहपुर से बाईपास बना है तब से रोडवेज की सभी बसें बिथार से बाईपास होते हुए सीधे आजमगढ़ जिवली बाजार निकल जाती थी। जिसकी वजह से कस्बे के लोगों को रोडवेज की बसों का फायदा नहीं मिल पाता था। बस स्टॉप स्थापित होने से क्षेत्र के लोगो में हर्ष व्याप्त हो गया। इस अवसर पर जौनपुर डिपो के एआरएम रमेश चन्द्र सिंह, स्टेशन इंचार्ज सुनील कुमार दुबे,कार्यालय सहायक राजू श्रीवास्तव, प्रशासन की तरफ से कांस्टेबल मो० इफ्तेखार,लालब्रत सोनकर व सुरेंद्र कुमार सोनकर एडवोकेट,सपन राजभर,राम पलट राजभर,राजेंद्र प्रसाद सोनकर,नरसिंह चौहान, सिकन्दर प्रजापति, नन्हे, अनिल सोनकर आदि लोग उपस्थित रहे।

### अचल संपत्तियो के नए सर्किल रेट तैयार, 18 अगस्त तक कर सकते हैं आपत्ति

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बताया है कि उ0 प्र0 सम्पत्ति का मूल्यांकन नियमावली-2013 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार जनपद गाजीपुर में उप निबन्धक कार्यालयों के क्षेत्रान्तर्गत आने वाले कृषक, अकृषक, भूखण्ड, भवनों तथा व्यवसायिक सम्पत्तियों के मूल्यांकन एवं स्टाम्प शुल्क की अदायगी हेतु सर्किल दर अगस्त, 2023 में प्रभावी होनी है। जनपद के सभी उप निबन्धक कार्यालयों हेतु अन्तिम मूल्यांकन सूची तैयार कर ली गयी है, जो सर्वसाधारण के निरीक्षणार्थ जनपद के समस्त उप निबन्धक कार्यालयों में सम्बन्धित तहसील का तथा अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) एवं सहायक महानिरीक्षक किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक किया जा सकता है । उन्होने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि किसी को भी प्रस्तावित मूल्यांकन सूची के सम्बन्ध में कोई भी आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत किया जाना हो तो अपनी आपत्ति या सुझाव दिनांक 16 अगस्त 2023 की सायं 05 बजे तक व्यक्तिगत रूप से अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से सम्बन्धित उप निबन्धक, सहायक महानिरीक्षक निबन्धन, सम्बन्धित उप जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। उपरोक्त कायार्लायों में प्राप्त समस्त आपत्तियों/सुझावों का निस्तारण अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 17.08.2023 को कलेक्ट्रेट सभागार जनपद गाजीपुर में किया जायेगा।

### मिशन शक्ति के तहत भावरकोल पुलिस ने चलाया महिला जागरूकता अभियान



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शासन द्वारा बालिकाओं, महिलाओं की सुरक्षा व महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के निर्देशन में महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में बेवजह घूमने वाले शोहदों को कड़ी चेतावनी दी जा रही है तथा गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड द्वारा प्रतिदिन मंदिर,भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं, महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा विभिन्न विद्यालयों में बालिकाओं को सुरक्षात्मक उपाय बताते हुए उन्हें जागरूक किया जा रहा है।

### एमडीए अभियान शुरू, जिलाधिकारी व नपा अध्यक्ष ने खाई फाइलेरिया से बचाव की दवा



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत बृहस्पतिवार को फाइलेरिया सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) अभियान का शुभारंभ महुआबाग स्थित आदर्श इंटर कॉलेज से किया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने फाइलेरिया से बचाव की दवा एल्बेण्डाजोल और डीईसी का सेवन किया। तत्पश्चात नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सरिता अग्रवाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हेमंत राव, प्रधानाध्यापक चंद्रदेव राम, संचारी रोगों के नोडल अधिकारी/अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ जेएन सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी मनोज कुमार सहित अन्य अधिकारियों, शिक्षकों व बच्चों ने दवा का सेवन किया। इस अवसर जिलाधिकारी ने कहा कि फाइलेरिया, जिसको सामान्य भाषा में हाथीपांव कहा जाता है इससे बचाव के लिए सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) अभियान का शुभारंभ किया गया है। यह अभियान अगले 15 दिनों तक संचालित किया जाएगा, जिसमें दवा सेवनकर्मी और स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर एक वर्ष से ऊपर के सभी बच्चों, वयस्कों, वृद्धजनों को अपने सामने दवा खिलाएँगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से आज मैंने स्वास्थ्यकर्मियों के सामने यह दवा खाई है, उसी तरह सभी को यह दवा स्वास्थ्यकर्मियों के सामने खिलाई जानी है। यह दवा खाना बहुत आवश्यक है क्योंकि विगत कई वर्षों से यह रोग समाज में व्याप्त है। समाज में इसको लेकर कई भ्रांतियां भी बनी हुई हैं। गंदगी भी इसका प्रमुख कारण है। इसका मच्छर गंदगी में ही पनपता है। इस रोग के हो जाने पर शुरूआत में कोई लक्षण नहीं दिखते लेकिन पाँच से 15 साल बाद इसके लक्षण दिखने लगते हैं। हाथ-पैरों व अन्य अंगों में सूजन बढ़ने लगती है। एक बार यह बीमारी हो जाने पर यह ठीक भी नहीं होती है। इसी को देखते हुए साल में एक बार एमडीए अभियान संचालित किया जाता है। साल में एक बार और लगातार पाँच साल तक दवा खाने से हम सभी इस बीमारी से बच सकते हैं।

# मुजफ्फरपुर तथा हाजीपुर में हिन्दू जनजागृति समिति ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा !

मुजफ्फरपुर। राष्ट्रध्वज राष्ट्र की अस्मिता है ! 15 अगस्त और 26 जनवरी को ये राष्ट्रध्वज अभिमान के साथ दिखाए जाते हैं; परंतु उसी दिन यही राष्ट्रध्वज सडकों और नालों में फटी हुई अवस्था में पडे मिलते हैं। इसलिए अनेक दिनों तक इन राष्ट्रध्वजों का अनादर देखना पडता है। आजकल तिरंगे के रंग के मास्क, राष्ट्रध्वज छपे हुए टी-शर्ट, टोपी आदि अन्य उत्पाद भी बेचे जाते हैं । इस प्रकार के विविध माध्यमों से राष्ट्रध्वज के होनेवाले अपमान को रोकने के लिए सरकार कठोर कार्यवाही करे, इसके लिए हिन्दू जनजागृति समिति की ओर से प्रशासन को ज्ञापन दिया गया ।

ध्वजसंहिता के अनुसार राष्ट्रध्वज का इस प्रकार से उपयोग करना ध्वज का अपमान ही है। यह प्रतीक और नाम (अनुचित उपयोग की रोकथाम) अधिनियम, 1950 तथा राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम 1971 का उल्लंघन है। राष्ट्रध्वज का यह अनादर रोकने के लिए हिन्दू जनजागृति समिति द्वारा मुंबई उच्च न्यायालय में जनहित याचिका (103/2011) प्रविष्ट की गई थी । इस संबंध में सुनवाई करते हुए न्यायालय ने प्लास्टिक के राष्ट्रध्वज द्वारा होनेवाला अपमान रोकने का आदेश सरकार को दिया था ।

उसके अनुसार केंद्रीय और राज्य गृह विभाग तथा शिक्षा विभाग ने इससे संबंधित परिपत्रक भी निकाला था । इसके साथ ही केंद्र सरकार ने भी प्लास्टिक बंदी का निर्णय लिया है । किंतु अभी भी अनेक जगह छुप-छुपकर राष्ट्रध्वज बेचे जाते हैं ऐसे ध्यान में आया है । अतः सरकार द्वारा राष्ट्रध्वज का अपमान करनेवालों पर तत्काल कठोर कार्यवाही आवश्यक है ।

इस संदर्भ में शासन से निम्नांकित मांगे की गई -

1. शासन राष्ट्रध्वज का अपमान रोकने के लिए उद्बोधन करनेवाली कृति समिति स्थापित करें ।

2. जनपद में कहीं भी प्लास्टिक के राष्ट्रध्वज का उत्पादन और बिक्री हो रही हो, तो संबंधितों पर तत्काल कार्यवाही करें ।

3. विद्यालयों में राष्ट्रध्वज का सम्मान करें ! यह उपक्रम चलाया जाए, ऐसा निर्देश दे ।

# बेरोजगार युवाओं को सेवायोजित करने के लिए 6 विकास खंडों में लगेगा रोजगार मेला

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ एवं जिलाधिकारी गाजीपुर के निदेर्शानुसार जनपद गाजीपुर के 06 आकांक्षात्मक विकास खण्डो- रेवतीपुर, सादात, बिरनों, देवकली, बाराचवर, मरदह में अधिक से अधिक बेरोजगार युवकों को सेवायोजित कराने के उद्देश्य से माह अगस्त से सितम्बर, 2023 तक रोजगार मेला एवं प्री-कॅरियर काउंसिल के आयोजन हेतु तिथि एवं कार्यक्रम स्थल निर्धारित की गयी है जिसमें ब्लाक रेवतीपुर में दिनांक 21.08.2023, सादात 22.08.2023, बिरनो 23.08.2023, देवकली 24.08.2023, बाराचवर 13.09.2023, मरदह 14.09.2023 को जिला सेवायोजन कार्यालय, गाजीपुर, कौशल विकास मिशन गाजीपुर के संयुक्त तत्वधान में रोजगार मेला एवं कॅरियर काउंसिल का आयोजन प्रातः 10.30 बजे से विकास खण्ड परिसर में आयोजित किया जायेगा। इस मेले में विभिन्न कम्पनियाँ, नियोजक प्रतिभाग करेंगे। प्रतिभागी कम्पनियों में मुख्य रूप से एल०एन०टी०कान्सट्रशन बैंगलूर, सोडेक्सो इण्डिया सर्विसेज प्रा०लि०, टीम लीज सर्विसेज लि०, गीगा कॉर्पसोल, जी-4 एस० सिक्योरिटी गार्ड, आदि द्वारा स्टुवार्ड/सर्विस ब्वॉय, हाउस कीपिंग असोसिएट, सुरक्षा गार्ड, स्टोर कीपर, वर्कर, फिल्ड आफिसर, मैकेनिक, सेल्स ट्रेनर, कम्प्यूटर आपरेटर, सेल्स आफिसर, इलेक्ट्रिशियन, फीटर, टेक्नीशियन आदि पदों पर चयन किया जायेगा।

भारत सरकार के स्किल इण्डिया मिशन के तहत स्किल इण्डिया इंटरनेशल सेंटर वाराणसी के टीम द्वारा दुबई, अबुधाबी, शारजाह, सऊदी अरब आदि देशों में इलेक्ट्रिशियन, फिटर, हेल्पर, क्लीनर, माली, ए.सी. टेक्नीशियन, सिक्योरिटी गार्ड, कुक, वेटर, मैकेनिकल ड्राफ्ट्समैन, मेसन, ड्राइवर इत्यादि जॉब रोल्स की मांग है। ऐसे इच्छुक उम्मीदवार जिनकी शैक्षिक योग्यता दशवीं पास एवं आई०टी०आई० या डिप्लोमा धारित हैं एवं संबंधित जॉब रोल्स में 3 से 5 वर्ष का अनुभव तथा 21 से 35 वर्ष की आयु है, वे प्री-काउंसलिंग कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के उपरान्त आवेदन करेंगे।

# समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव आत्मा यादव का हुआ जोरदार स्वागत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव आत्मा यादव का स्वागत समारोह जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय समता भवन पर आयोजित हुआ। इस अवसर पर पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल यादव के नेतृत्व में कार्यकताओं ने आत्मा यादव का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया । जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने इस अवसर पर आत्मा यादव को बधाई देते हुए उनके मनोनयन के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि आज जब देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में है ,आये दिन लोकतंत्र का चीर हरण किया जा रहा है, संवैधानिक संस्थाओं पर सरकार लगातार हमले कर रही है ऐसी परिस्थिति में अधिवक्ताओं की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। उन्होंने अधिवक्ता समाज के गौरवशाली इतिहास का जिक्र करते हुए कहा चाहे जंगे आजादी रही हो चाहे आजादी के बाद देश को नई दिशा देने का सवाल रहा है अधिवक्ता समाज ने हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में लोकतंत्र कमजोर हुआ है । संवैधानिक संस्थाओं पर हमलें हो रहे हैं । भाजपा देश के लोकतांत्रिक प्रणाली के





विरुद्ध साजिश रच रही है । आज देश साम्प्रदायिक , तानाशाह और फिरकापरस्त ताकतों के चंगुल में फंस गया है,देश को उनके चंगुल से निकालने की जिम्मेदारी अधिवक्ताओं पर है। उन्होंने मुलायम सिंह जी के मुख्यमंत्रित्व काल में हर जनपद मुख्यालय पर अधिवक्ता भवन बनाने का जिक्र करते हुए कहा कि जब जब समाजवादी पार्टी की प्रदेश में सरकार बनी है अधिवक्ता हित में अनेकों फैसले लिए गये हैं। उन्होंने कहा कि यह सरकार किसी का भला नहीं चाहती यह सरकार केवल पूंजीपतियों की है जो राष्ट्र की सम्पत्तियों को कौड़ी के दाम बेचकर उनकी और अपनी तिजोरी भरने में व्यस्त हैं । उसे अधिवक्ता समाज का या समाज के किसी वर्ग का कोई ख्याल नहीं है। भाजपा सरकार मे समाज का हर वर्ग दुखी और पीड़ित हैं। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय महासचिव संदीप यादव ने कहा कि भाजपा राज में चारों तरफ अन्याय और अत्याचार का बोलबाला है। देश और प्रदेश के कमजोर और गरीबों को सताया जा रहा है। अधिकारी,कर्मचारीऔर योगी जी की पुलिस बेलगाम हो गयी है। उन्होंने कहा कि देश की तानाशाही और फासिस्टवादी सरकार के खिलाफ समाजवादी अधिवक्ता सभा संघर्ष करेगी और पीड़ितों और शोषितों को न्याय दिलाने में अग्रणी भूमिका निभायेगी।

# एक गरीब विधवा की शादी कराकर समाज को एक नया संदेश दिया महिला थाना ने

प्रखर जौनपुर। जहा समाज में आज लोग रिश्तों को कोई महत्व नही देते , ऐसे में समाज की बहुत सी कुरीतियां भी सामने आने लगती हैं, उन्ही कुरुतिओ में से एक कुरीति है विधवा का विवाह न करना ,आज इसी कुरीति और समाज के लिए एक नयी पहल पर



महिला थाना जौनपुर मे महिला थानाध्यक्ष सरोज सिंह के नेतृत्व में एक विधवा महिला सविता आदिवासी पंराउगंज जो दो बच्चों की माँ है और विधवा है, उसकी शादी आपसी सहमति से आज पवन आदिवासी छत्तरपुर आजमगढ़ के साथ हिंदू रीति रिवाज से सादगी के साथ सामाजिक कार्यकताओं ,प्रतिष्ठित लोग और महिला थाना के सभी हमराहीयो एवम स्टॉप के बीच सम्पन्न हुई, शादी के मौके पर थानाध्यक्ष सरोज सिंह ने मन्त्रोंच्चारण किया अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट की अध्यक्ष उर्वशी सिँह ने दूल्हा दुल्हन की गाँठ जोड़ा, वहाँ उपस्थित सभी लोगों ने आशीर्वाद दिया, महिला कांस्टेबल श्रध्दा सिंह ने दुल्हन का श्रृंगार किया ' समाजसेवी राखी सिंह ने सबका मुह मीठा कराया मिठाई खिला कर, उर्वशी सिँह ने कहा कि आज महिला थाना मे रोज पति पत्नी के झगड़े का केस आता है,ऐसे में समाज के लिए एक नजीर के रूप में महिला थाना की थानाध्यक्ष सरोज सिंह ने पेश किया, उनका कहना है कि समाज के ऐसे लोगों को प्रोत्साहित करना चाहिए जिससे छोटी छोटी कुरीतियां दूर हो जाएंगी! शादी में लड़के लड़की के तरफ से उसके परिवार के सभी रिश्तेदार के साथ एस आई राजा राम रंजन, महिला कांस्टेबल पूजा, ममता, दीपा सिंह, आरती, रेखा ,रुचि सिंह के साथ कई लोग उपस्थित रहे!

# प्रदीप पांडेय चिंटू, संयोगिता यादव, सुजीत कुमार सिंह की भोजपुरी फिल्म 'शुभ मंगल सावधान' का ग्रैंड मुहूर्त वाराणसी में सम्पन्न

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। विक्टर एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही भोजपुरी फिल्म 'शुभ मंगल सावधान' का भव्य मुहूर्त उत्तर प्रदेश की पावन नगरी वाराणसी के मुलाकात होटल में धूमधाम से संपन्न किया गया तदोपरांत फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी गई है` इस फिल्म के नायक सुपरस्टार प्रदीप पांडेय चिंटू हैं और नायिका संयोगिता यादव हैं साथ ही बृजेश त्रिपाठी, देव सिंह, लोटा तिवारी, बबलू खान, धामा वर्मा, संतोष पहलवान, सोनिया मिश्रा, संतोष श्रीवास्तव, नीलम पांडेय आदि प्रमुख कलाकार नजर आने वाले हैं` फिल्म के निमार्ता विक्टर राघव (विक्की), संदीप छारी हैं जिन्होंने बेहतरीन फिल्म बनाने का वीणा उठाया है निर्देशक सुजीत कुमार सिंह ने इस फिल्म के निर्देशन के बागडोर संभाली है जिन्होंने सत्या, भोजपुरिया राजा, वांटेड, क्रेक फाइटर सहित बहुत सारी सुपरहिट भोजपुरी फिल्मों का निर्देशन किया है इस फिल्म के कार्यकारी निमार्ता प्रशांत द्विवेदी हैं` फिल्म के लेखक वीरू ठाकुर, संगीतकार ओम झा, छोटे बाबा बसही, डीओपी गोला बाबू यादव हैं नृत्य कानू मुखर्जी, कला सतीश गिरी का है पीआरओ रामचन्द्र यादव हैं प्रोडक्शन विजेंद्र चौबे संभाल रहे हैं` भव्य पैमाने पर बन रही फिल्म 'शुभ मंगल सावधान' के शुभ अवसर पर बहुत से गणमान्य व विशिष्ट अतिथि सहित मुख्य अतिथि आचार्य देवराज दास जी महाराज, डॉ. दीपक कुमार (लखनऊ फिल्म सिटी प्रा.लि. के निदेशक), सूरज सम्राट, अमित कुमार, संदीप गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, विश्व भूषण मिश्र (अपर आयुक्त, वाराणसी), कृष्ण यादव, विशन आर्य (एरोक्स इंडिया कंपनी के एमडी) मौजूद थे साथ ही फिल्म के हीरो, हीरोइन, निमार्ता, निर्देशक सहित फिल्म की पूरी टीम मौजूद रही` इस अवसर पर आए हुए सभी अतिथियों ने फिल्म के कंसेप्ट को सराहा और कहा कि ये एकदम पारिवारिक कहानी है समाज को यह फिल्म मनोरंजन के साथ ही साथ संदेश भी देने का कार्य कर रही है ऐसे विषय की आज के समाज को जागरूक करने के लिए बहुत जरूरी है ` इस अवसर पर फिल्म के निमार्ता विक्टर राघव (विक्की), संदीप छारी ने मुहूर्त के दौरान आये सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए तहेदिल से धन्यवाद दिया उन्होंने कहा कि फिल्म 'शुभ मंगल सावधान' एक अलग ही तरह का कंसेप्ट के साथ हमने बनाने का फैसला किया है। यूं तो अक्सर फिल्मों में लगभग एक जैसी कहानी लोग देखते हैं मगर इस फिल्म की कहानी का सफर काफी रोमांचक और मनोरंजक होगा इसे देखकर दर्शकों को कुछ नया ही मिलेगा` फिल्म निर्देशक ने फिल्म की कहानी छुपाते हुए सिर्फ इतना बताया है कि आजकल सरकारी नौकरी वाला दूल्हा की तलाश ज्यादा होती है मगर हमारी फिल्म का नायक सरकारी नौकरी वाला नहीं है आज के समाज को हम फिल्म के माध्यम से आईना दिखाने की कोशिश कर रहे हैं उम्मीद है कि हमें सफलता जरूर मिलेगी।





# रेटिनॉल
## आधुनिक एंटी-एजिंग त्वचा देखभाल के लिए जरूरी क्यों

**गिल्डफोर्ड (द कन्वरसेशन)।** त्वचा देखभाल के शौकीनों और निर्माताओं द्वारा प्रचारित चमत्कारिक सामग्रियों में रेटिनॉल सबसे लोकप्रिय में से एक है। यह एक शक्तिशाली घटक है जो झुर्रियों से लेकर मुँहासे तक त्वचा संबंधी कई तरह की समस्याओं को दूर करने में मदद कर सकता है। आइए जानते हैं यह कैसे काम करता है ।

### रेटिनॉल क्या है?

रेटिनॉल एक सामान्य शब्द है जिसका उपयोग अक्सर विटामिन ए और अन्य रेटिनोइड्स (वसा में घुलनशील यौगिकों का एक समूह जिसमें रेटिनॉल और अन्य संरचनात्मक रूप से संबंधित पदार्थ होते हैं) का वर्णन करने के लिए किया जाता है। विटामिन ए एक आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्व है जो अधिकांश स्तनपायी प्रजातियों में विभिन्न शारीरिक कार्यों को सहज तरीके से करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह सामान्य दृष्टि को बढ़ावा देता है, प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है, प्रजनन में सहायता देता है और इष्टतम वृद्धि और विकास को बढ़ावा देता है।त्वचा की देखभाल में विटामिन ए लोकप्रिय हो गया है क्योंकि इसे अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा एक एंटी-एजिंग एजेंट के रूप में अनुमोदित किया गया है जो त्वचा की सतह की स्थिति को बदल देता है। यह त्वचा के स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद कर सकता है और, चूंकि यह कोलेजन और इलास्टिन जैव संश्लेषण को उत्तेजित करता है, यह त्वचा के पुनर्योजी तंत्र को बढ़ा सकता है। रेटिनॉल के



एंटीऑक्सीडेंट गुण त्वचा को पराबैंगनी प्रकाश, जैसे सूरज के संपर्क में आने से होने वाले फोटोडैमेज से बचाने में भी मदद करते हैं।

रेटिनॉल को पहली बार 1931 में अटलांटिक सॉरी मछली के यकृत तेल से निकाला गया था। यह यौगिक प्राकृतिक रूप से पशु उत्पादों और फलों और सब्जियों में पाया जाता है। रेटिनॉल एक वसा में घुलनशील अणु है जिसमें एंटीऑक्सीडेंट और घाव भरने की क्षमता होती है। जब रेटिनॉल को त्वचा पर लगाया जाता है, तो यह त्वचा द्वारा रेटिनोइक एसिड में परिवर्तित हो जाता है, जो विटामिन ए का सक्रिय जैविक रूप है। एक बार लगाने के बाद, यह ऊतक पुनर्जनन के नियामक के रूप में कार्य करता है, कोलेजन और इलास्टिन के बाह्य मैट्रिक्स (ईसीएम) उत्पादन को उत्तेजित करता है, जो सीधे महीन रेखाएँ, झुर्रियाँ, असमान त्वचा टोन और मुँहासे सहित विभिन्न त्वचा संबंधी समस्याओं का समाधान करता है। जब त्वचा की देखभाल की बात आती है, तो सभी रेटिनोइड्स में रेटिनॉल सबसे अच्छा विकल्प है। लेकिन यह एक संवेदनशील अणु है और प्रकाश और ऑक्सीजन जैसे पर्यावरण में होने वाले परिवर्तनों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है।

### रेटिनाल्डिहाइड

रेटिनल्डिहाइड, जिसे रेटिनल भी कहा जाता है, रेटिनॉल से अधिक शक्तिशाली है लेकिन रेटिनोइक एसिड से कम शक्तिशाली है। आणविक दृष्टि से, यह रेटिनॉल की तुलना में रेटिनोइक एसिड के करीब है और जैविक रूप से सक्रिय होने के लिए रूपांतरण के केवल एक और चरण की आवश्यकता होती है। रेटिनोइक एसिड के निकट होने के कारण, रेटिनॉलडिहाइड को रेटिनॉल की तुलना में त्वचा लाभ पैदा करने में अधिक कुशल माना जाता है।

**रेटिनिल**

**यह रेटिनॉल की तुलना में विटामिन ए का अधिक स्थिर रूप है। सबसे आम रूप रेटिनिल एसीटेट और रेटिनिल पामिटेट हैं। क्रियाशील होने के लिए रेटिनिल को त्वचा द्वारा रेटिनॉल और फिर रेटिनोइक एसिड में परिवर्तित करने की आवश्यकता होती है।रेटिनिल रेटिनॉल की तुलना में रेटिनोइड का एक हल्का रूप है, और अक्सर त्वचा देखभाल उत्पादों में उपयोग किया जाता है जो महत्वपूर्ण एंटी-एजिंग लाभ प्रदान करने के बजाय त्वचा को पोषण और मॉइस्चराइज करने, त्वचा की बनावट और जलयोजन में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। रेटिनॉल की तुलना में इसकी कम क्षमता के कारण, यह त्वचा के लिए कम परेशान करने वाला है।**

**तीन श्रेणियां - रेटिनॉल के व्युत्पन्नों में से एक, रेटिनोइक एसिड का उपयोग त्वचा विकारों के उपचार के लिए भी किया जाता है, जैसे कि फोटोडैमेज, मुँहासे वल्गारिस, झुर्रियाँ, सोरायसिस और हाइपरट्रॉफिक निशान, केलोइड्स और स्क्लेरोडर्मा। वर्तमान में, कॉस्मेटिक उपयोग के लिए रेटिनोइड उत्पादों को मोटे तौर पर तीन श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है: रेटिनॉल (तीनों में से सबसे प्रसिद्ध), रेटिनिल (अधिक स्थिर रूप), और रेटिनाल्डिहाइड (या संक्षेप में रेटिनल)। तीनों के बीच संरचनात्मक अंतर हैं।**

# 'गेम ऑफ थ्रोन्स' के एआई वर्जन में ऐश्वर्या, रणवीर



**मुंबई (आईएएनएस)।** लोकप्रिय शो 'गेम ऑफ थ्रोन्स' में से एक को बॉलीवुड का एआई रूप दिया गया है, जहां हिंदी फिल्म अभिनेताओं को जॉन स्नो, डेनेरीस टार्गैरियन, आर्या स्टार्क, संसा स्टार्क जैसे पात्रों की प्रतिष्ठित भूमिकाएं दी गई हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से डेनेरीस टारगैरियन की भूमिका के लिए एमिलिया क्लार्क की जगह ऐश्वर्या राय बच्चन को लिया गया है। आदित्य रॉय कपूर को निकोलज कोस्टर-वाल्डौ के जैमे लैनिस्टर के रूप में देखा जा सकता है। रणवीर सिंह ने किट हैरिंगटन की जगह ली है। अभिनेत्री आलिया भट्ट आर्या स्टार्क के किरदार में बिल्कुल फिट बैठती हैं, जिसका किरदार मूल रूप से मैसी विलियम्स ने निभाया था। वीडियो के एआई वर्जन में कियारा आडवाणी ने सोफी टर्नर की सांसा स्टार्क की भूमिका निभाई है। इसके बाद तब्बू लीना हेडी की ससी लैनिस्टर की भूमिका निभा रही हैं। 'गेम ऑफ थ्रोन्स' जॉर्ज आर. आर. मार्टिन के फैंटेसी नोवेल की एक सीरीज 'ए सॉन्ग ऑफ आइस एंड फायर' का रूपांतरण है, जिसमें से पहला गेम ऑफ थ्रोन्स है।

शो की शूटिंग ब्रिटेन, कनाडा, क्रोएशिया, आइसलैंड, माल्टा, मोरक्को और स्पेन में की गई थी। इसका प्रीमियर 2011 में अमेरिका में हुआ और मई 2019 में समाप्त हुआ, जिसमें आठ सीजन में 73 एपिसोड प्रसारित हुए। वेस्टरोस और एस्सोस के फिक्शनल कॉन्टिनेंट्स पर आधारित गेम ऑफ थ्रोन्स पूरे शो के दौरान कई कहानियों को फॉलो करता है।


पहला पार्ट आर्क वेस्टरोस के सात राज्यों के लौह किंगडम से संबंधित है, जो कुलीन परिवारों के बीच राजनीतिक संघर्ष से संबंधित है। दूसरा पार्ट अपदस्थ शासक वंश के अंतिम वंशज पर केंद्रित है, जिसे एस्सोस में निर्वासित कर दिया गया है और वह वापस लौटने और सिंहासन को पुनः प्राप्त करने की साजिश रच रहा है। तीसरा नाइट्स वॉच को फॉलो करता है, जो एक सैन्य आदेश है। वेस्टरोस की उत्तरी सीमा से परे खतरों के खिलाफ क्षेत्र की रक्षा करता है। सीरीज को 59 प्राइमटाइम एमी अवार्ड्स मिले, जो किसी ड्रामा सीरीज द्वारा जीते गए सबसे अधिक इनाम हैं, जिसमें 2015, 2016, 2018 और 2019 में उत्कृष्ट ड्रामा सीरीज़ शामिल हैं।

## टीवी पर गेम खेलने के लिए लॉन्च किया ऐप

**सैन फ्रांसिस्को, (आईएएनएस)। स्ट्रीमिंग दिग्गज नेटफ्लिक्स ने ऐप्पल ऐप स्टोर पर एक नया एप्लिकेशन लॉन्च किया है जो यूजर्स को अपने टीवी पर गेम खेलने की अनुमति देगा। ऐप के डिस्क्रिप्शन के अनुसार, नया 'नेटफ्लिक्स गेम कंट्रोलर' ऐप टीवी के साथ जुड़ जाता है और आपको अपने फोन या मोबाइल डिवाइस का उपयोग कर नेटफ्लिक्स पर गेम खेलने की अनुमति देता है। किस गेम को बड़ी स्क्रीन पर लाया जाएगा, इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। मई में, नेटफ्लिक्स ने क्लाउड गेमिंग के लिए कंपनी की योजनाओं के बारे में बात की थी। उसका विजन यह है कि मेंबर्स अपने पास मौजूद किसी भी नेटफ्लिक्स डिवाइस पर गेम खेल सकें।**

## रैपर टोरी लेनज़ को 10 साल की सजा

**लॉस एंजिल्स (आईएएनएस)।** कनाडाई रैपर टोरी लेनज़ को 2020 में अमेरिकी हिप हॉप स्टार मेगन दी स्टैलियन को गोली मारने के लिए 10 साल जेल की सजा सुनाई गई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई 2020 में काइली जेनर द्वारा आयोजित एक पूल पार्टी के बाद बहस के दौरान लेनज़ ने स्टैलियन के पैर में गोली मार दी थी। स्टैलियन ने सोमवार को एक लिखित बयान में कहा कि शूटिंग के बाद से उसे एक भी दिन शांति का अनुभव नहीं हुआ। सजा सुनाए जाने के दौरान, लेनज़ ने कहा कि वह स्टैलियन को अपना दोस्त मानता है लेकिन स्वीकार करता है कि मैंने उस रात गलत किया था।



अभियोजकों ने शुरू में 13 साल की जेल की सजा की मांग की थी, लेकिन न्यायाधीश ने 10 साल की सजा का फैसला किया। लेनज़ के वकील ने या तो प्रोबेशन या न्यूनतम जेल की सजा का अनुरोध किया था। सजा सुनाए जाने के बाद उनके वकील ने कहा कि उनका मुवक्किल जेल की सजा के खिलाफ अपील करेगा। दिसंबर में दोषी ठहराए जाने के बाद से 31 वर्षीय रैपर को काउंटी जेल में रखा गया है।

## अमिताभ, शाहरुख के बाद अब डॉन बनेंगे रणवीर

**मुंबई (एजेंसी)** अब बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह सिल्वर स्क्रीन पर डॉन का किरदार निभाते दिखेंगे।1978 में प्रदर्शित फिल्म डॉन में अमिताभ बच्चन ने डॉन का किरदार निभाया था। फरहान अख्तर ने शाहरूख खान को लेकर डॉन का रीमेक बनाया।डॉन



की सफलता के बाद डॉन का सीक्वल बनाया गया। फरहान अख्तर अब डॉन का तीसरा संस्करण बनाने जा रहे हैं। डॉन 3 में रणवीर सिंह डॉन का किरदार निभाते नजर आयेंगे।

फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी ने फिल्म डॉन 3 का पहला लुक जारी किया है। यह'डॉन'के रूप में रणवीर सिंह का अनाउंसमेंट वीडियो भी है। 'डॉन 3'का पूरा नाम'डॉन 3: द चेज एंड्स'है। फिल्म के टाइटल अनाउंसमेंट की शुरुआत धमाकेदार डायलॉग से होती है..."शेर जो सो रहा है, वो जागेगा कब? पूछते हैं ये सब, उनसे कह दो, फिर जाग उठा हूं मै, फिर सामने जल्द आने को। क्या है ताकत मेरी, क्या है हिम्मत मेरी। फिर दिखाने को। मौत से खेलना जिंदगी है मेरी। जीतना ही मेरा काम है। तुम तो हो जानते। जो मेरा बाप है। 11 मुल्कों की पुलिस ढूंढती है मुझे, मगर पकड़ पाया है कौन। मै हूं डॉन।"



## पवन सिंह का गाना काशी में शिव शंकर रिलीज

**मुंबई (वार्ता)** भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह का बोलबम गाना काशी में शिव शंकर रिलीज हो गया है। बोलबम गाना काशी में शिव शंकर यूट्यूब चैनल सारेगामा हम भोजपुरी से रिलीज हुआ है। पवन सिंह ने कहा कि भोले बाबा का आशीर्वाद है कि हमारे गाने को श्रद्धालु और भोजपुरी संगीत प्रेमी खूब पसंद कर रहे हैं। यह गाना मेरे दिल के करीब है और इस गाने की मेकिंग भी भव्य पैमाने पर की गई है। सारेगामा हम भोजपुरी के साथ काम करना मेरे लिए खास भी है। इस कंपनी ने आज तक एक से बढ़ कर एक गाने दिए हैं। अब फिल्में भी लेकर आ रहे हैं। लेकिन उससे पहले सावन में हम लोग मिलकर यह गाना लाये है। गाने को पवन सिंह ने अपनी आवाज दी है और इसके म्यूजिक वीडियो में वह खुद अलग - अलग रूप में नजर आए है।



## फिल्ममेकर के रूप में करण के 25 साल पूरे होने पर होगा जश्न

**मुंबई (आईएएनएस)।** फिल्म निर्माता करण जौहर के इंडस्ट्री में 25 साल पूरे होने पर 14वें इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) 2023 में जश्न मनाया जाएगा। करण ने एक बयान में कहा, मैं भारतीय सिनेमा में अपनी यात्रा के 25 साल पूरे होने के मौके पर मेलबर्न के 14वें इंडियन फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बनकर बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है, जो क्रिएटिविटी, कोलैबोरेशन और स्टोरीटेलिंग के आनंद से भरी हुई है। फिल्म निर्माता अपने एक्सपीरियंस, चैलेंजेस और सिनेमैटिक विजन के विकास पर अंतर्दृष्टि साझा करते हुए रिफ्लेक्टिव कन्वर्सेशन में शामिल होने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, यह अवसर मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है, और मैं इंडस्ट्री में मेरे योगदान को लोगों द्वारा पसंद किए जाने के लिए आभारी हूं। सिनेमा मेरा जुनून रहा है और मैं साथी फिल्म निर्माताओं, उत्साही लोगों और दर्शकों के साथ इसका जश्न मनाने के लिए उत्सुक हूं। यहां है फिल्मों का जादू और कहानी कहने की ताकत । करण के असाधारण योगदान के सम्मान में, फेस्टिवल 11 अगस्त को करण जौहर को एक विशिष्ट पुरस्कार से सम्मानित करेगा।



## कलर्स सिनेप्लेक्स पर भेड़िया का वर्ल्ड टीवी प्रीमियर

**मुंबई (वार्ता)।** वरुण धवन और कृति सैनन स्टारर फिल्म भेड़िया का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर कलर्स सिनेप्लेक्स पर 15 अगस्त को रात 8 बजे होगा। वरुण धवन इसे लेकर रोमांचित हैं। उनका कहना है कि मेरे दिल में इस फिल्म के लिए खास जगह है क्योंकि इसने मुझे भास्कर के रोमांचक किरदार में गहराई से उतरने का मौका दिया। रहस्यमय जंगलों में उसका शानदार सफर हंसी, रहस्य और आश्चर्य से भरा है। जो लोग सिनेमाघरों में फिल्म देखने से चूक गए थे , वे कलर्स सिनेप्लेक्स पर इसे देखना न भूलें - यह निश्चित रूप से बेहतरीन होगा।

कृति सैनन ने कहा, मेरे लिए फिल्म इसलिए रोमांचक है क्योंकि यह हॉरर, फैंटसी, कॉमेडी और ड्रामा सहित कई शैलियों का मिश्रण है। इसने अपनी खास जगह बनाई है और मुझे ऐसा किरदार निभाने का मौका दिया, यह छोटा लेकिन बेहद प्रासंगिक और चुनौतीपूर्ण हिस्सा था। मुझे गर्व है कि फिल्म की सफलता ने कई क्रिएटर्स को भारतीय सिनेमा में नए विषयों पर काम करने के लिए प्रेरित किया है।



## दीप्ति नवल की फिल्म गोल्डफिश का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई (वार्ता)।** अभिनेत्री दीप्ति नवल की फिल्म 'गोल्डफिश' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म'में अनामिका और साधना, दो महिलाओं को दिखाया गया है। बताया गया है कि वे अपनी जिंदगी में किन चीजों में उलझी हैं और कैसे परेशान हैं। फिल्म में मां और बेटी के नाजुक रिश्ते को भी दिखाया है। इस फिल्म में दीप्ति नवल, कल्कि और रजत कपूर जैसे कलाकार नजर आयेंगे। निर्देशक पुशन कृपलानी ने बताया कि गोल्डफिश शुरुआती दौर में डिमेंशिया, आईडेंटिटी और डायसपोरा से जुड़ी फिल्म थी, लेकिन जैसे-जैसे कास्ट जुड़ती गई, फिल्म में और चीजें एड होती गईं। फिल्म में माफ करने की भावना को दिखाया गया है।अपरिहार्य परिस्थितियों में भी मानवता कैसे बनाए रखें, इसके बारे में बताया गया है। निर्माता अमित सक्सेना ने बताया, गोल्डफिश एक कंटेंट आधारित फिल्म है।



## यारियां 2 का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज

मुंबई (वार्ता) बॉलीवुड अभिनेत्री दिव्या खोसला कुमार की आने वाली फिल्म यारियां 2 का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है। यारियां 2 में दिव्या खोसला कुमार, मिजान जाफरी और पर्ल वी पुरी अहम भूमिका में नार आएंगे। यश दासगुप्ता, अनस्वरा रंजन, वरीना हुसैन और प्रिया वारियर जैसे कलाकार भी यारियां 2 में काम करते नजर आयेंगे। राधिका राव और विनय सप्रू के निर्देशन में फिल्म यारियां 2 , 20 अक्टूबर को सिनेमा घरों में रिलीज की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### क्रेडजेनिक्स ने पूंजी जुटाई

नई दिल्ली। वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) स्टार्टअप क्रेडजेनिक्स ने वेस्टब्रिज कैपिटल और एस्सेल समेत विभिन्न निवेशकों से पांच करोड़ डालर या 414 करोड़ रुपए जुटाए हैं। क्रेडजेनिक्स ने बुधवार को बयान में कहा कि वित्तपोषण के इस दौर में टैंगलिन वेंचर्स और बीम्स फिनटेक फंड ने भी भाग लिया। कंपनी ने कहा कि उसने यह राशि 34 करोड़ डालर या 2,800 करोड़ रुपए के उपक्रम मूल्य पर जुटाई है। यह पिछले वित्तपोषण दौर के मूल्यांकन की तुलना में तीन-चार गुना अधिक है। इस राशि का इस्तेमाल उत्पाद नवोन्मेषण आदि में किया जाएगा।

### आयल इंडिया का लाभ बढ़ा

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की आयल इंडिया लि. का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून की पहली तिमाही में चार प्रतिशत बढ़कर 1,613.34 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। कंपनी ने मंगलवार को एक बयान में यह जानकारी दी। एक साल पहले 2022-23 की इसी तिमाही में कंपनी ने 1,555.49 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। आयल इंडिया को प्रत्येक एक बैरल कच्चे तेल के लिए 76.85 डालर मिले जो पिछले साल 112.73 डालर प्रति बैरल था। कंपनी का कारोबार जून तिमाही में घटकर 4,644.73 करोड़ रुपए रहा जो एक साल पहले इसी तिमाही में 5,964 करोड़ रुपए था।

### एमपीएल ने छंटनियां कीं

नई दिल्ली। आनलाइन स्पोर्ट्स मंच मोबाइल प्रीमियर लीग ने जीएसटी दर में वृद्धि के बाद खर्च में कटौती के मकसद से करीब 350 लोगों की छंटनी की है। यह कंपनी की भारतीय टीम की आधी संख्या है। कंपनी के आंतरिक स्तर पर जारी ई-मेल में यह कहा गया है। जीएसटी परिषद ने आनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ की पूरी दांव राशि पर 28 प्रतिशत माल एवं सेवा कर लगाने का निर्णय किया है। मोबाइल प्रीमियर लीग (एमपीएल) के सह-संस्थापक साई श्रीनिवास ने कर्मचारियों को भेजे एक ई-मेल में कहा कि पिछले हफ्ते यह स्पष्ट किया गया था कि 28 प्रतिशत जीएसटी सकल गेमिंग राजस्व के बजाए पूरे मूल्य पर लगाया जाएगा।

### एचएमएसआई की नई बाइक

नई दिल्ली। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने देश में अपनी नई बाइक एसपी160 उतारी है। इसकी दिल्ली शोरूम में कीमत 1.17 लाख रुपए से शुरू होती है। कंपनी ने 160 सीसी की यह बाइक दो संस्करण में उतारी हैं। इनकी कीमत क्रमशः 1.17 लाख रुपए और 1.21 लाख रुपए है। एचएमएसआई के प्रबंध निदेशक, अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) त्सुत्सुमु ओतानी ने कहा, 'हम अपने एसपी ब्रांड के साथ पूरी तरह नई एसपी 160 बाइक पेश कर काफी खुश हैं। यह स्पोर्टी मोटरसाइकिल अत्याधुनिक इंजीनियरिंग का प्रतिनिधित्व करती है।

### पहली तिमाही में कोयला आयात 1.82 फीसद घटा

नईदिल्ली। देश का कोयला आयात चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 1.82 प्रतिशत घटकर 6.83 करोड़ टन पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 6.95 करोड़ टन से अधिक रहा था। 'एमजंक्शन' की रिपोर्ट के अनुसार, समीक्षाधीन अवधि में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 4.29 करोड़ टन रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 4.74 करोड़ टन था। कोकिंग कोयले का आयात 1.58 करोड़ टन से अधिक रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 1.46 करोड़ टन था।

## अप्रैल से जून में दिल्ली-एनसीआर में 14% महंगे हुए घर

नई दिल्ली (भाषा)।

चालू कैलेंडर साल की दूसरी (अप्रैल-जून) तिमाही में दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में घरों की कीमतों में सालाना आधार पर औसतन 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में दाम तीन प्रतिशत घटे हैं। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

क्रेडाई, कोलियर्स इंडिया और लियासेस फोरास की एक संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार, मजबूत मांग के कारण दूसरी तिमाही में आठ प्रमुख शहरों में घरों की कीमतों में सालाना आधार पर सात प्रतिशत की वृद्धि हुई। रिपोर्ट के अनुसार, कोलकाता में घरों के दाम सालाना आधार पर सबसे अधिक 15 प्रतिशत बढ़े। इसके बाद दिल्ली-एनसीआर में 14 प्रतिशत और हैदराबाद में कीमतों में 13 प्रतिशत की

- मुंबई महानगर में करीब तीन फीसद घटी हैं कीमतें
- आठ प्रमुख शहरों में दामों में सात फीसद वृद्धि
- दामों में सर्वाधिक 15 फीसद वृद्धि कोलकाता में
- हैदराबाद में कीमतों में दर्ज हुई 13 फीसद बढ़ोतरी
- बीती दस तिमाहियों से घरों की कीमतों हो रही वृद्धि
- पुणे में 11%, अहमदाबाद में 10%, बेंगलुरु में 10% और चेन्नई में छह फीसद बढ़े हैं आवासीय संपत्तियों के दाम

वृद्धि हुई।

रिपोर्ट कहती है कि आठ शहरों में से केवल एमएमआर में अप्रैल-जून तिमाही में कीमतों में तीन प्रतिशत की गिरावट आई। वहां कीमत प्रति वर्ग फुट 19,111 रुपए पर आ गई। लियासेस फोरास के प्रबंध निदेशक पंकज कपूर ने कहा कि आवास बाजार में पिछले वर्ष बड़ी संख्या में नई परियोजनाएं लागू की गईं। यह गति निरंतर बनी हुई है। बढ़ती आपूर्ति ने मूल्य वृद्धि को मध्यम बनाए रखा है। क्रेडाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोमन ईरानी ने कहा कि देशभर में बिक्री की गति मकान खरीदारों की सकारात्मक भावनाओं को दर्शाती है। कोलियर्स इंडिया के प्रबंध निदेशक पीयूष जैन ने कहा कि पिछली 10 तिमाहियों में देशभर में आवास कीमतों में लगातार बढ़ोतरी का रुझान रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार, आवास कीमतें अप्रैल-जून तिमाही में सालाना आधार पर पुणे में 11 प्रतिशत, अहमदाबाद में 10 प्रतिशत, बेंगलुरु में भी 10 प्रतिशत और चेन्नई में छह प्रतिशत बढ़ीं।



## वित्त मंत्रालय ने सीमा शुल्क के नाम पर फ्राड के प्रति किया आगाह

नई दिल्ली (भाषा)।

वित्त मंत्रालय ने लोगों को भारतीय सीमा शुल्क के नाम पर पैसे ऐंठने वाले धोखेबाजों से बचने को लेकर बुधवार को आगाह किया। वित्त मंत्रालय ने कहा, 'भारतीय सीमा शुल्क विभाग व्यक्तिगत बैंक खाते में सीमा शुल्क का भुगतान करने के लिए कोई फोन नहीं करता या एसएमएस नहीं भेजता है।'

मंत्रालय ने कहा, ''भारतीय सीमा शुल्क के सभी संचार में एक डीआईएन (डायरेक्टर आइडेंटिफिकेशन नंबर) होता है जो सीबीआईसी (केंद्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क बोर्ड) की वेबसाइट पर मौजूद है और उसे वहां से सत्यापित किया जा सकता है।''

## दुपहिया पर जीएसटी दर 18 फीसद करने की मांग

नई दिल्ली (भाषा)।

वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुरुआती स्तर के दोपहिया पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दर को 28 से घटाकर 18 प्रतिशत करने की मांग की है। फाडा के एक प्रतिनिधिमंडल ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को इस बारे में एक पत्र सौंपा है।

संगठन ने मांग की है कि शुरूआती स्तर के 100 से 125 सीसी के दोपहिया पर जीएसटी दर में कटौती की जाए।




फाडा के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने कहा, 'कुल बिक्री में दोपहिया का हिस्सा 75 प्रतिशत रहता है। इसमें भी 70 प्रतिशत शुरुआती स्तर की श्रेणी से आता है। ऐसे में कोविड-पूर्व के समय की तुलना में बिक्री में जो 20 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है, उसका समाधान जरूरी है।'

सिंघानिया ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को 2047 तक 47,000 अरब डालर पर पहुंचाने के लिए घरेलू वाहन उद्योग के सभी खंडों को योगदान देना होगा।

उन्होंने कहा, 'जीएसटी की दर को 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करना न केवल आर्थिक रणनीति है, बल्कि इससे आम आदमी सशक्त होगा और ग्रामीण परिवहन को भी बढ़ावा मिलेगा।' फाडा देशभर में 15,000 डीलरों का प्रतिनिधित्व करता है।

## आर्टेमिस मेडिकेयर के पहली तिमाही के नतीजे जारी

नई दिल्ली (वि.)। आर्टेमिस मेडिकेयर सर्विसेज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही के नतीजे जारी किए है। दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में कंपनी कुल 713 बेड के अस्पतालों का संचालन करती है। इनमें गुरुग्राम स्थित 541 बेड के क्वाटरनरी केयर वाला सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल और आर्टेमिस लाइट एवं डैफोडिल्स ब्रांड के तहत 5 अस्पताल है। वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही का प्रदर्शन (सालाना आधार पर तुलना करते हुए) परिचालन से नेट रेवेन्यू 25.3 प्रतिशत बढ़कर 167.2 करोड़ रुपये से 209.5 करोड़ रुपये हो गया। 13.9 प्रतिशत के मार्जिन के साथ ईबीआईटीडीए 35.4 प्रतिशत बढ़कर 21.5 करोड़ रुपये से 29.2 करोड़ रुपये हो गया। 6.3 प्रतिशत के मार्जिन के साथ पीबीटी 23.5 प्रतिशत बढ़कर 10.6 करोड़ रुपये से 13.1 करोड़ रुपये हो गया। 30 जून, 2023 को कंपनी पर कुल कर्ज 210.5 करोड़ रुपये था, नेट डेट और शेयरहोल्डर इक्विटी का अनुपात 0.5 गुना रहा। यह जानकारी आर्टेमिस मेडिकेयर सर्विसेज लिमिटेड की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. देवलीना चक्रवर्ती ने दी।

## यूट्यूब पर हेरफेर कर कंटेंट डालने पर होगी कार्रवाई

- इस सोशल मीडिया मंच पर गलत सूचनाओं पर लगाया जाएगा अंकुश

नई दिल्ली (भाषा)।

वीडियो साझा करने की सुविधा देने वाला मंच यूट्यूब ने बुधवार को कहा कि प्रौद्योगिकी विकसित होने और कृत्रिम मेधा (एआई) संचालित उपकरणों के आने के साथ मंचों और समाज के लिए गलत सूचनाओं पर अंकुश लगाना महत्वपूर्ण है।

उसने यह भी कहा कि उपयोगकर्ताओं को गुमराह करने और वास्तविक दुनिया को नुकसान पहुंचाने के इरादे से तकनीकी गड़बड़ी कर पेश सामग्री के खिलाफ वह त्वरित कार्रवाई करेगी। भारत में यूट्यूब के निदेशक इशान जॉन चटर्जी ने यहां संवाददाताओं से कहा कि यूट्यूब के पास बेहतर सामुदायिक दिशानिर्देश है, जो यह निर्धारित करता है कि मंच पर किस प्रकार की सामग्री की अनुमति है। एआई आने के साथ यूट्यूब पर उपलब्ध सामाग्री से छेड़छाड़ के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने कहा, 'तकनीक विकसित होने के साथ



सामग्री में छेड़छाड़ न केवल यूट्यूब के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती है।' चटर्जी ने कहा, 'हमारी जो नीति है, वह हिंसा और ग्राफिक सामग्री जैसी विभिन्न चीजों के अलावा गलत सूचना और सामग्री पर अंकुश लगाने के लिए भी है। हमारे मंच पर उपयोगकर्ताओं को गुमराह करने और वास्तविक दुनिया को नुकसान पहुंचाने के लिये तकनीकी रूप से हेरफेर कर लाई गई सामाग्री की अनुमति नहीं है और अगर ऐसा होता है, हम कार्रवाई करेंगे।'

उन्होंने कहा, ''हम स प्रकार की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रक्रियाओं और प्रौद्योगिकियों को लगातार विकसित कर रहे हैं।' चटर्जी ने कहा कि गलत सूचना पर कार्रवाई मंच के लिए महत्वपूर्ण है। 'हमने इसके लिए महत्वपूर्ण निवेश और प्रगति की है। लेकिन हम जानते हैं कि इस मामले में हमारा काम कभी पूरा नहीं होता, इसलिए हम इस क्षेत्र में लगातार निवेश करते रहेंगे।'

## अनार की पहली खेप अमेरिका भेजी गई

- अभी परीक्षण के तौर पर भेजी गई है यह खेप

नई दिल्ली (भाषा)। वाणिज्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि परीक्षण के तौर पर ताजा अनार की पहली खेप हवाई मार्ग से अमेरिका भेजी गई है। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के चेयरमैन अभिषेक देव ने कहा कि अमेरिका में अनार के निर्यात में वृद्धि से अधिक कीमत मिलेगी और किसानों की आय बढ़ेगी। इसमें कहा गया है, 'चूंकि लंबी दूरी का बाजार और अधिक लागत के कारण वाणिज्यिक परिचालन शुरू करने में दिक्कत थी, इसलिए परीक्षण के आधार पर खेप भेजने से भारतीय निर्यातकों और अमेरिकी आयातकों के बीच क्षमता निर्माण करने में मदद मिलेगी।



## मारुति की पुरानी कारों की बिक्री 50 लाख के पार

नई दिल्ली (भाषा)।




मारुति सुजुकी इंडिया लि. (एमएसआईएल) का पुरानी या सेकंड हैंड कारों का बिक्री कारोबार 50 लाख इकाइयों को पार कर गया है। कंपनी ने अपने पुरानी कारों के कारोबार 'ट्रू वैल्यू' को 2001 में शुरू किया था।

मारुति के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी-विपणन एवं बिक्री शशांक श्रीवास्तव ने बयान में कहा, 'उद्योग में 22 साल पूरे करने के साथ ट्रू वैल्यू देश का सबसे भरोसेमंद पुरानी कारों का कारोबार बन गया है। अब ट्रू वैल्यू के ग्राहकों की संख्या 50 लाख इकाइयों को पार कर गई है।' ट्रू वैल्यू फिलहाल देश के 281 शहरों में मौजूद हैं।

## गेहूं, चावल के दाम पर लगाम लगाएगी सरकार

- खुले बाजार के लिए जारी होगा अतिरिक्त कोटा

नई दिल्ली (भाषा)। सरकार ने बुधवार को घोषणा की कि वह बढ़ती कीमत पर अंकुश लगाने के लिए केंद्रीय पूल से अतिरिक्त 50 लाख टन गेहूं और 25 लाख टन चावल खुले बाजार में बेचेगी। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने संवाददाताओं से कहा, 'हाल में गेहूं और चावल की कीमतों में तीव्र वृद्धि हुई है। सरकार ने 50 लाख टन गेहूं और 25 लाख टन गेहूं खुला बाजार बिक्री योजना के तहत बेचने का निर्णय किया है।' उन्होंने कहा कि यह कुछ महीने पहले घोषित खुला बाजार बिक्री योजना के तहत 15 लाख टन गेहूं और पांच लाख टन चावल की बिक्री के अलावा है।




## भारतीय सैलानियों को रिझा रहा जर्मनी

- इस देश में रात बिताने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में तीन गुना इजाफा

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीयों में बीच जर्मनी के मनोरम पर्यटक स्थलों को देखने की ललक तेजी से बढ़ रही है क्योंकि वर्ष 2022 में जर्मनी में रात गुजारने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या करीब तीन गुना बढ़कर 6,23,363 पर पहुंच गई। जर्मन नेशनल टूरिस्ट बोर्ड के नवीनतम आंकड़ों से यह तस्वीर सामने आई है। जर्मनी नेशनल टूरिस्ट आफिस (जीएनटीओ) और भारत में जर्मनी दूतावास द्वारा आयोजित एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह आंकड़े जारी किए गए।

जर्मनी में 51 यूनेस्को प्रमाणित वैश्विक धरोहर स्थल हैं, साथ ही पर्यावरण के अनुकूल एवं प्राकृतिक स्थल भी हैं। जीएनटीओ का लक्ष्य ऐसे भारतीय पर्यटकों को आकर्षित करना है, जो प्राकृतिक सौंदर्य और सौंदर्य से पूर्ण गांवों को देखने में रुचि रखते है। 2022 में जर्मनी में रात बिताने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या 6,23,363 रही जबकि 2021 में यह 2,01,194 रही थी। हालांकि 2019 के रिकार्ड 9,61,656 भारतीय पर्यटकों की तुलना में यह संख्या अभी काफी कम है। गौरतलब है कि जर्मनी के शहर प्रकृति के साथ साम्य का अनूठा अनुभव देते हैं। यहां सस्टेनेबल ट्रैवल अनुभव भी मिलता है। वैश्विक धरोहरों तक पहुंचने के लिए सार्वजनिक परिवहन के माध्यम से पर्यावरण के अनुकूल कई ऑफर्स उपलब्ध है।



## इंटरनेट की मजबूती में भारत, नेपाल से भी पीछे

- मालदीव और श्रीलंका से भी पीछे है भारत
- इस मामले में सिर्फ पाकिस्तान से है आगे

मुंबई (भाषा)।

इंटरनेट की 'मजबूती' के मामले में भारत पड़ोसी देशों भूटान, बांग्लादेश और यहां तक कि नेपाल से भी पीछे है। एक वैश्विक गैर-लाभकारी संगठन की मंगलवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

इंटरनेट सोसायटी ने कहा कि एक जुझारू या मजबूत इंटरनेट कनेक्शन खराबी या सामान्य परिचालन में चुनौतियों के बीच एक स्वीकार्य स्तर की सेवा को कायम रखता है। इसके साथ ही सोसायटी ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था के लिए इंटरनेट कनेक्टिविटी अनिवार्य है।

रिपोर्ट कहती है कि इंटरनेट की मजबूती के मामले में दक्षिण एशिया में भारत 43 प्रतिशत के कुल स्कोर के साथ छठे स्थान पर है। इस सूची में भारत का स्थान भूटान (58 प्रतिशत), बांग्लादेश (51 प्रतिशत), मालदीव (50 प्रतिशत), श्रीलंका (47 प्रतिशत) और नेपाल (43 प्रतिशत) के बाद है।




इस रिपोर्ट में इंटरनेट के बुनियादी ढांचे, प्रदर्शन, सुरक्षा और बाजार के अनुरूप तैयारियों पर गौर किया गया है। सूची में हालांकि, भारत का स्थान पाकिस्तान से बेहतर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सुरक्षा के मामले में भारत का स्थान औसत से बेहतर है। दुनिया में भारत आईपीवी6 को अपनाने के मामले में सबसे आगे है। सुरक्षा के मामले में भारत को 66 प्रतिशत अंक मिले हैं, वहीं जब बात बुनियादी ढांचे की आती है, तो ये अंक घटकर 31 प्रतिशत पर आ जाते हैं। बाजार तैयारियों के मामले में भारत को 35 प्रतिशत अंक मिले हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में निर्णय लेने वाले लोग इसके जरिये अपने इंटरनेट परिवेश की ताकत और कमजोरियों के बारे में जान सकते हैं।

## दूरसंचार बुनियादी ढांचा कंपनियों के लिए न हो लाइसेंस शुल्क : ट्राई

नई दिल्ली (भाषा)।

ट्राई ने मंगलवार को सुझाव दिया कि सरकार डिजिटल बुनियादी ढांचा सेवा प्रदाताओं के लिए नए परमिट बनाए लेकिन कंपनियों पर कोई लाइसेंस शुल्क नहीं लगाया जाए।

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने डिजिटल संपर्क बुनियादी ढांचा प्रदाता के लिए एकीकृत लाइसेंस व्यवस्था पर अपनी सिफारिश में कहा कि प्रस्तावित लाइसेंस के अंतर्गत पंजीकृत संस्थाएं कोर नेटवर्क और स्पेक्ट्रम को छोड़कर दूरसंचार परिचालकों को सेवा के रूप में मोबाइल एंटीना और बेस स्टेशन समेत सभी प्रकार का बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराएंगी।

## सीमा शुल्क रिफंड को बने आनलाइन व्यवस्था

- कैग ने वित्त मंत्रालय को दी है यह सलाह

नई दिल्ली (भाषा)। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने वित्त मंत्रालय से सीमा शुल्क 'रिफंड' के प्रसंस्करण के लिए जीएसटीएन की तर्ज पर एक आनलाइन प्रणाली बनाने का सुझाव दिया है। कैग का मानना है कि इससे सीमा शुल्क वापसी की प्रक्रिया को अधिक कुशल बनाया जा सकता है। इसके साथ ही कैग ने दैनिक आधार पर विनिमय दरों को अद्यतन करने के लिए माड्यूल के क्रियान्वयन में अवांछित देरी को लेकर भी चिंता जताई है।

सीमा शुल्क अधिनियम के अनुसार, जब आयातित सामान में किसी तरह की गड़बड़ी पाई जाती है या यह तय मानकों के अनुरूप नहीं होता, तो ऐसे मामलों में 'रिफंड' का दावा किया जा सकता है। इसके अलावा जब वस्तुओं का निर्यात शुल्क/उपकर के भुगतान के बाद किया जाता है और निर्यात किया गया उत्पाद निर्यातक के पास वापस आ जाता है, तो ऐसे मामलों में भी 'रिफंड' का दावा किया जा सकता है। कैग ने कहा, ''मंत्रालय 'रिफंड' के प्रसंस्करण के लिए जीएसटीएन प्रणाली की तरह एक ऑनलाइन व्यवस्था पर विचार कर सकता है।

## भारत, अमेरिका ने व्यापार विवादों का समाधान किया

नई दिल्ली (भाषा)।

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की दो अलग-अलग विवाद समाधान समितियों ने कहा है कि भारत और अमेरिका ने आपसी सहमति के आधार पर इस्पात तथा एल्युमीनियम एवं कुछ उत्पादों पर अतिरिक्त शुल्क के मामलों का समाधान कर लिया है।

डब्ल्यूटीओ ने बयान में कहा कि दोनों देशों ने 13 जुलाई को अधिसूचित किया कि दोनों देशों ने विवाद समाधान समितियों में उठाये गये मामलों का समाधान कर लिया है। इससे पहले, दोनों देशों ने छह व्यापार विवादों का समाधान करने पर सहमति जताई थी।


## व्हाट्सएप वीडियो काल पर स्क्रीन शेयरिंग सर्विस शुरू

- स्क्रीन का लाइव दृश्य साझा कर सकेंगे यूजर्स
- कंपनी ने लैंड स्केप मोड की सुविधा भी शुरू की

नई दिल्ली (भाषा)।

मेटा के स्वामित्व वाले सोशल मीडिया मंच व्हाट्सऐप ने वीडियो काल के लिए स्क्रीन साझा करने और 'लैंडस्केप मोड' की सुविधा शुरू की है।

मेटा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मार्क जुकरबर्ग ने कहा कि 'लैंड स्केप' एक क्षैतिज 'मोड' है जिसका उपयोग वेब पेज, तस्वीर, दस्तावेज या संदेश जैसी विस्तृत स्क्रीन सामग्री को प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है। जुकरबर्ग ने फेसबुक पर लिखा है, 'हम व्हाट्सऐप पर वीडियो काल के दौरान आपकी स्क्रीन साझा करने की




सुविधा जोड़ रहे हैं।'

स्क्रीन साझा करने की सुविधा से उपयोगकर्ताओं को काल के दौरान अपनी स्क्रीन का 'लाइव' दृश्य साझा करने की अनुमति मिलेगी।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह सुविधा 'शेयर' आइकन पर क्लिक करके और एक विशिष्ट एप्लिकेशन साझा करने या पूरी स्क्रीन साझा करने के बीच चयन करके शुरू की जा सकती है।

मेटा ने कहा, 'अब आप अपने फोन पर व्यापक रूप से देखने और साझा करने के अनुभव को लेकर 'लैंडस्केप मोड' में वीडियो काल का भी आनंद उठा सकते हैं।'

## भारत के 360 डिग्री बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव बोले...

# वनडे में मेरे आंकड़े खराब इसे मानने में कोई शर्म नहीं



**गयाना, (एजेंसी)।** भारत के 360 डिग्री बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने स्वीकार किया है कि वनडे क्रिकेट में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है, हालांकि वह एकदिवसीय विश्व कप की ओर बढ़ते हुए इस प्रारूप में बेहतर बनने की कोशिश कर रहे हैं। सूर्यकुमार ने कहा, अगर मैं ईमानदारी से कहूं तो मुझे पता है कि वनडे क्रिकेट में मेरे आंकड़े काफी खराब हैं। यह मानने में कोई शर्म नहीं है। हम ईमानदारी के बारे में बात करते हैं, आपको ईमानदार होने की ज़रूरत है लेकिन यह और भी महत्वपूर्ण है कि आप अपने खेल में कैसे सुधार करते हैं। सूर्यकुमार वेस्ट इंडीज दौरे पर हाल ही में समाप्त हुई तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में मात्र 78 रन बना सके। केएल राहुल और श्रेयस अय्यर के चोटग्रस्त होने के बाद सूर्यकुमार भारतीय मध्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गये हैं और उन्हें विश्व कप में भी यह भूमिका निभानी पड़ सकती है। सूर्यकुमार ने मंगलवार को वेस्ट इंडीज के विरुद्ध 44 गेंदों में 83 रन की पारी खेलकर भारत को सात विकेट से जीत दिलाई। उन्होंने इस करो या मरो मुकाबले में तिलक वर्मा (37 गेंद, 49 रन) के साथ 87 रन की साझेदारी की, जो भारत की जीत में निर्णायक साबित हुई।

# एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी: भारत ने चिर-प्रतिद्वंदी पाकिस्तान को रौंदा

## कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दागे दो गोल, भारत ने अंक तालिका में किया टॉप

**चेन्नई, (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी में चिर-प्रतिद्वंदी पाकिस्तान को 4-0 से रौंदकर अंक तालिका में शीर्ष पर रहते हुए लीग चरण का अंत किया।

पड़ोसी मुल्क पर भारत की इस एकतरफा जीत में कप्तान हरमनप्रीत सिंह (15वां, 23वां मिनट) ने दो गोल किये, जबकि जुगराज सिंह (36वां मिनट) और आकाशदीप सिंह (55वां मिनट) की हॉकी से एक-एक गोल निकला। पाकिस्तानी टीम इस हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गयी, जबकि जापान को गोल अंतर के आधार पर सेमीफाइनल में जगह मिली। भारत, मलेशिया और कोरिया पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुके थे। सेमीफाइनल में भारत का सामना शुक्रवार को जापान से होगा, जबकि पहले सेमीफाइनल में मलेशिया और कोरिया आमने-सामने होंगे। पाकिस्तान पांचवें स्थान के लिए चीन से मुकाबला करेगा।

### हरमनप्रीत ने ड्रैगफ्लिक से खोला भारत का खाता

हरमनप्रीत बुधवार रात मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम पर उतरने से पहले पेनल्टी कॉर्नरों पर गोल जमाने में संघर्ष कर रहे थे, लेकिन चिर-प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ कप्तान की ड्रैगफ्लिक कारगर साबित हुई। शुरुआती मिनटों में कुछेक मौके बनाने के बाद भारत को पहले क्वॉर्टर के अंतिम क्षणों में एक पेनल्टी कॉर्नर मिला। पाकिस्तान के कप्तान उमर भुट्टा को इस पर आपत्ति जताने के लिये ग्रीन कार्ड दिखाया गया, जबकि भारतीय कप्तान हरमनप्रीत की दनदनाती ड्रैगफ्लिक ने मेजबान टीम का खाता खोल दिया।



### भारत का टूर्नामेंट में अब तक का सफर

- ✔ पहले मैच में चीन को 7-2 से हराया
- ✔ जापान के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेला
- ✔ मलेशिया को एकतरफा अंदाज में 5-0 से रौंदा
- ✔ गत चैंपियन दक्षिण कोरिया को 3-2 से हराया
- ✔ अंतिम मैच में पाकिस्तान को 4-0 से पीटा

### रोचक तथ्य

1. यह पाकिस्तान के खिलाफ पिछले 15 मुकाबलों में भारत की 13वीं जीत है, जबकि अन्य दो मैच ड्रा रहे हैं।
2. भारत और पाकिस्तान ने अब तक आपस में कुल 179 मुकाबले खेले हैं। भारत ने 65 और पाकिस्तान ने 82 मैच जीते। 32 मैच ड्रा रहे।
3. भारत और पाकिस्तान एशियंस चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास की सबसे सफल टीम हैं। दोनों ने तीन-तीन खिताब जीते हैं।

### जुगराज और आकाशदीप ने दागे गोल

दूसरे क्वॉर्टर में मैच के 20वें मिनट में भारत के सेल्वम कार्ती को ग्रीन कार्ड दिया गया। हालांकि, 23वें मिनट में हरमनप्रीत ने फिर पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। हाफ टाइम तक भारतीय टीम 2-0 से आगे थी। तीसरे क्वॉर्टर में जुगराज सिंह ने 36वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया। चौथे क्वॉर्टर में 55वें मिनट में आकाशदीप सिंह ने भारत की बढ़त 4-0 कर दी, जो निर्णायक साबित हुई।

# वनडे रैंकिंग में गिल, किशन व कुलदीप ने लगाई छलांग

## पाकिस्तान के बाबर आजम की बादशाहत कायम

**दुबई,(एजेंसी)।** आईसीसी द्वारा बुधवार को जारी ताजा वनडे रैंकिंग में वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाले भारत के शुभमन गिल, ईशान और कुलदीप यादव को फायदा हुआ। सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल दो पायदान ऊपर पांचवें नंबर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने 743 रेटिंग अंक के साथ टॉप-5 में एंट्री कर ली है। गिल दो स्थान ऊपर पांचवें नंबर पर पहुंच गए हैं। गिल ने वेस्टइंडीड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में 34 और 85 रन की पारी खेली थी। वेस्टइंडीज सीरीज में तीन अर्धशतकीय पारियां खेलने वाले ईशान किशन (589 रेटिंग) ने भी करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की है। ईशान नौ स्थान की छलांग लगाकर 36वें पायदान पर आ गए हैं। पाकिस्तान के कप्तान और स्टार बल्लेबाज बाबर आजम (886 रेटिंग) शीर्ष पर काबिज हैं। विराट कोहली (705 रेटिंग) नौवें स्थान पर हैं। विराट और गिल शीर्ष-10 में शामिल भारतीय बल्लेबाज हैं। गिल और कोहली के बाद तीसरे भारतीय रोहित शर्मा हैं, जो 11 नंबर पर बरकरार हैं।



**कुलदीप यादव शीर्ष-10 में शामिल:** भारत के स्पिनर कुलदीप यादव (622 रेटिंग) वनडे गेंदबाजों की सूची में 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं। शार्दुल ठाकुर ने 8 विकेट झटके और उन्हें तीन पायदान का फायदा मिला है। भारत के कार्यवाहक कप्तान हार्दिक पांड्या को वनडे ऑलराउंडर्स की लिस्ट में पांच स्थान का लाभ मिला है। वह (210 रेटिंग) 11वें नंबर पर आ गए हैं। पांड्या बैटर्स की सूची में 10 स्थान के सुधार के साथ 71वें स्थान पर हैं।

# इनकम टैक्स के रूप में बीसीसीआई ने पिछले 5 साल में भरे 4200 करोड़ रुपए

## राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने दी जानकारी

**नई दिल्ली।** दुनिया का सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पिछले पांच साल में 4,298.12 करोड़ रुपए का इनकम टैक्स के तौर पर भरे हैं। ऐसा माना जाता है कि बीसीसीआई कर से मुक्त है, लेकिन इस आम धारणा के विपरीत बीसीसीआई ने लगातार अपने आयकर दायित्वों को पूरा किया है।

यह खुलासा केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने मंगलवार 8 अगस्त को राज्यसभा में दिए एक बयान के दौरान किया। केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि सरकार वैश्विक स्तर पर खेल निकायों से संबंधित डेटा नहीं रखती है। फिर भी, उन्होंने पिछले पांच वर्षों में दाखिल किए गए आयकर रिटर्न के अनुसार आय और व्यय विवरण प्रस्तुत किया, जिससे पता चला कि बीसीसीआई के पास 2021-22 वित्तीय वर्ष में ही 4542 करोड़ रुपये का सरप्लस था, जो लगभग 2020-21 और 2019-2020 में क्रमशः 1,650 करोड़ रुपये और 2,700 करोड़ रुपये के बराबर था। वित्तीय वर्ष 2021-22 में बीसीसीआई की कुल कमाई 7606 करोड़ रुपए थी, जिसके बाद उन्होंने सरकार को पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले 37 फीसदी अधिक टैक्स चुकाते हुए कुल 1159 करोड़ रुपए दिए। वहीं खर्च 3064 करोड़ रुपए रहा।

**पांच वर्षों का टैक्स**

| वित्तीय वर्ष | जमा राशि |
|---|---|
| 2021-22 | 1159 करोड़ रु. |
| 2020-21 | 844.92 करोड़ रु. |
| 2019-20 | 882.29 करोड़ रु. |
| 2018-19 | 815.08 करोड़ रु. |
| 2017-18 | 596.63 करोड़ रु. |

# वनडे विश्वकप के टिकटों की बिक्री 25 अगस्त से

## 15 सितंबर को खरीदे जा सकते हैं सेमीफाइनल और फाइनल के टिकट

**मुंबई, (एजेंसी)।** आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के टिकट 25 अगस्त से बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। आईसीसी और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को यह घोषणा की।

आयोजकों ने बताया कि टिकटों की अपेक्षित मांग को प्रबंधित करने के लिए बिक्री चरणों में की जाएगी। भारत के अलावा अन्य टीमों के अभ्यास मैच और लीग चरण मैचों के टिकट 25 अगस्त को उपलब्ध होंगे। गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम में भारत के मैचों के टिकट 30 अगस्त को उपलब्ध होंगे। चेन्नई, दिल्ली और पुणे में भारत के मैचों के टिकट 31 अगस्त को उपलब्ध होंगे।




धर्मशाला, लखनऊ और मुंबई में होने वाले भारत के मैचों के टिकट एक सितंबर से खरीदे जा सकेंगे, जबकि बेंगलुरु और कोलकाता में होने वाले भारतीय टीम के मैचों की टिकट बिक्री दो सितंबर को शुरू होगी। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर भारत के मैचों के टिकट तीन सितंबर को बिकेंगे, जबकि सेमीफाइनल और फाइनल के टिकट 15 सितंबर को खरीदे जा सकेंगे।

### इस दिन मिलेंगे भारत बनाम पाकिस्तान मैच के टिकट

टिकटों की बिक्री 25 अगस्त से शुरू होगी। पहले दिन फैन्स के पास सभी गैर भारतीय अभ्यास मैच और सभी गैर भारतीय वर्ल्ड कप मैचों के टिकट खरीदने का ऑप्शन होगा। भारतीय टीम के मैचों के टिकट 30 अगस्त से 3 सितंबर तक उपलब्ध होंगे। अहमदाबाद में होने वाले भारत-पाकिस्तान मैच के टिकट 3 सितंबर को मिलेंगे। जबकि सेमीफाइनल और फाइनल के टिकट 15 सितंबर को खरीदे जा सकते हैं।

### टिकटों की बिक्री की तारीखें

- ☐ **25 अगस्त** - नॉन इंडिया वार्मअप मैच और नॉन इंडिया इवेंट मैच।
- ☐ **30 अगस्त** - भारत के मैच गुवाहाटी और त्रिवेन्द्रम में होने वाले।
- ☐ **31 अगस्त** - भारत के मैच चेन्नई, दिल्ली और पुणे में होने वाले।
- ☐ **1 सितंबर** - धर्मशाला, लखनऊ और मुंबई में होने वाले भारत के मैच।
- ☐ **2 सितंबर** - बेंगलुरु और कोलकाता में होने वाले भारत के मैच।
- ☐ **3 सितंबर**- अहमदाबाद में होने वाला भारत का मैच।
- ☐ **15 सितंबर** - सेमीफाइनल व फाइनल।

### जडेजा ने इस साल तीन बार करवाया डोप परीक्षण

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के आंकड़ों के अनुसार इस साल जनवरी से मई तक भारत के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने तीन बार डोप परीक्षण के लिए नमूना दिया और इस तरह से वह इस अवधि में सर्वाधिक बार परीक्षण करवाने वाले क्रिकेटर बन गए। नाडा की वेबसाइट पर जारी की गई नवीनतम सूची के अनुसार वर्ष के पहले पांच महीनों में कुल मिलाकर 55 क्रिकेटरों (पुरुष और महिला, 58 नमूने) का डोप परीक्षण किया गया। इनमें से अधिकतर नमूने प्रतियोगिता से इतर लिए गए। इसका मतलब हुआ कि इस साल क्रिकेटरों से एकत्र किए गए नमूनों की संख्या पिछले दो वर्षों की तुलना में कहीं अधिक होने की संभावना है। आंकड़ों के अनुसार नाडा ने 2021 में क्रिकेटरों के 54 और 2022 में 60 नमूने लिए थे।

# अगले हफ्ते तक हो सकता है राहुल की फिटनेस का फैसला

**बेंगलुरु, (एजेंसी)।** दाहिनी जांघ की सर्जरी करवाने के बाद रिहैब प्रक्रिया से गुज़र रहे केएल राहुल की फिटनेस को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) अगले सप्ताह की शुरुआत तक स्पष्टता दे सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, राहुल इस सप्ताहांत बेंगलुरु में एक अभ्यास मैच में हिस्सा लेंगे, जिसके बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की मेडिकल टीम उनकी फिटनेस पर अंतिम निर्णय लेगी। रिपोर्ट के अनुसार राहुल 100 प्रतिशत फिट नहीं हैं। इसी कारण एनसीए ने अभी तक बीसीसीआई और राष्ट्रीय चयन समिति को औपचारिक रूप से उनकी उपलब्धता के बारे में सूचित नहीं किया है। जिन लोगों ने हाल ही में राहुल से मुलाकात की है उन्होंने उल्लेख किया है कि एनसीए में चल रहे लेवल-3 कोचिंग सत्र के दौरान वह अच्छी स्थिति में दिख रहे थे। राहुल के करीबी लोगों ने यह भी दावा किया है कि वह आवश्यक कार्यभार का लगभग 85 प्रतिशत प्रबंधन करने में सक्षम हैं। यह आंकड़ा महत्वपूर्ण है क्योंकि शेष 15 प्रतिशत अभ्यास मैच में ही दिखाया जा सकता है।आमतौर पर, खिलाड़ियों को अभ्यास मैचों में तब तक भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाती जब तक कि वे 85 प्रतिशत फिटनेस हासिल न कर लें।

# एशिया कप 2023 के लिए पाक की 17 सदस्यीय टीम घोषित

**नईदिल्ली।** एशिया कप 2023 के लिए पाकिस्तान ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बुधवार को एशिया कप 2023 के लिए अपनी 17 सदस्यीय टीम की घोषणा की। पाकिस्तानी टीम 30 अगस्त को मुल्तान में नेपाल के खिलाफ अपना एशिया कप अभियान शुरू करेगी। तैय्यब ताहिर और फहीम अशरफ को भी टीम में शामिल किया गया है। शान मसूद और इहसानुल्लाह उस टीम के 2 खिलाड़ी हैं जिन्होंने अप्रैल और मई में न्यूजीलैंड के साथ 5 वनडे इंटरनेशनल मैच खेले थे। फहीम ने दो साल बाद टीम में वापसी की और एक तेज गेंदबाज ऑलराउंडर के रूप में टीम का संतुलन बढ़ाया है।

**पाकिस्तान टीम:** अब्दुल्ला शफीक, फखर जमान, इमाम-उल-हक, बाबर आजम (कप्तान), सलमान अली आगा, इफ्तिखार अहमद, तैयब ताहिर, सऊद शकील (केवल अफगानिस्तान सीरीज के लिए), मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद हारिस, शादाब खान (उप-कप्तान), मोहम्मद नवाज, उसामा मीर, फहीम अशरफ, हारिस रऊफ, मोहम्मद वसीम जूनियर, नसीम शाह और शाहीन अफरीदी।

# विश्वकप की दौड़ से बाहर नहीं हैं केन विलियम्सन

**क्राइस्टचर्च, (एजेंसी)।** दाहिने घुटने की सर्जरी से उभर रहे न्यूजीलैंड के सीमित ओवर कप्तान केन विलियम्सन फिलहाल इंग्लैंड दौरे पर जाने वाली टीम में जगह नहीं बना सके हैं, हालांकि कोच गैरी स्टीड का मानना है कि वह अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप के लिए फिट हो जाएंगे। स्टीड ने इंग्लैंड दौरे के लिए टीम की घोषणा करते हुए कहा, हम सही चिकित्सीय सलाह लेने के लिए अपनी क्षमता में सब कुछ करेंगे। हम उन्हें (विश्व कप के लिये भारत) ले जाने से पहले सुनिश्चित करना चाहते हैं कि वह पूरी तरह फिट हैं। अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। विलियम्सन ने 31 मार्च को चोट लगने के बाद से कोई मैच नहीं खेला है, हालांकि न्यूजीलैंड के पास एकदिवसीय विश्व कप के लिएटीम घोषित करने के लिए पांच सितंबर तक का समय है। आईसीसी के नियमों के अनुसार कोई भी टीम 28 सितंबर तक अपनी टीम में बदलाव कर सकती है। स्टीड ने कहा, केन दिन-प्रतिदिन, सप्ताह-दर-सप्ताह प्रक्रिया पर बहुत काम कर रहा है। हम उसके साथ स्पष्ट और सावधान रहे हैं कि हम बहुत आगे के बारे में न सोचें। उसने वैसी ही प्रगति की है जैसी हमें उम्मीद थी।

# भीड़भाड़ से दूर इन ऑफबीट जगहों पर बिताएं छुट्टियां, वापस लौटने का नहीं होगा मन



गर्मियों की छुट्टियां शुरू होते ही लोग घूमने निकल जाते हैं। गर्मी अधिक होने की वजह से लोग हिल स्टेशनों का रुख करते हैं। इस मौसम में भी हिल स्टेशनों पर तापमान कुछ कम होने से ठंडक महसूस होती है। गर्मियों की छुट्टियों में पहाड़ी जगहों पर जाने से हिल स्टेशनों पर बहुत ज्यादा भीड़ देखने को मिलती है। वहीं हिल स्टेशनों में पर्यटकों की भीड़ के चलते वहां पर चीजों के दाम दोगुने हो जाते हैं। होटल के रूम से लेकर खाने-पीने का सामना तक महंगा हो जाता है।

ऐसे में अगर आप भी कम बजट में हिल स्टेशन घूमने के लिए जाना चाहते हैं। तो यह आर्टिकल आपके लिए है। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर भीड़ कम होने के साथ ही आप अपने बनाए बजट में सुकून भरी छुट्टियां बिता सकते हैं। आज हम आपको नॉर्थ इंडिया के कुछ कम भीड़भाड़ वाले हिल स्टेशनों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर जाकर आप आराम से अपनी छुट्टियों को इंज्वॉय कर सकते हैं।

# पृथ्वी शॉ ने रॉयल लंदन वनडे कप में ठोका दोहरा शतक



**नॉर्थैम्पटन, (एजेंसी)।** भारतीय बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने बुधवार को रॉयल लंदन वनडे कप टूर्नामेंट में नॉर्थम्पटनशर के लिए दोहरा शतक लगाया। शॉ ने सॉमरसेट के खिलाफ खेले गए मुकाबले में 153 गेंद पर 28 चौकों और 11 छक्कों के साथ 244 रन बनाए। मुंबई के 23 वर्षीय शॉ ने मार्च 2021 में मुंबई के लिए विजय हजारे ट्रॉफी में खेली गयी 165 रन की पारी के बाद लिस्ट-ए क्रिकेट में पहला शतक जड़ा है। वह अपने लिस्ट-ए करियर में 56 मैच खेलकर करीब 50 की औसत के साथ 2900 से अधिक रन बना चुके हैं, जिसमें 20 अर्धशतक शामिल हैंशॉ की मौजूदा लिस्ट-ए औसत (55.30) कुल मिलाकर सातवीं सर्वश्रेष्ठ है।

**गांगुली का रिकॉर्ड तोड़ा :** पृथवी शॉ ने इस पारी के साथ इंग्लैंड में किसी भारतीय द्वारा उच्चतम लिस्ट-ए स्कोर के मामले में पूर्व कप्तान सौरव गांगुली (183 रन बनाम श्रीलंका, 1999) को पीछे छोड़ दिया। यह लिस्ट-ए क्रिकेट में शॉ का सबसे बड़ा स्कोर भी है, जबकि इससे पहले उन्होंने पुडुचेरी के खिलाफ 2020-21 विजय हजारे ट्रॉफी में 227 रन बनाए थे।

**उपलब्धि** | प्रदेश की बेटी ने किया कनाडा में भारत का झंडा बुलंद

# रीना ने जीता वर्ल्ड पुलिस फायर गेम्स में गोल्ड

**भोपाल, (एजेंसी)।** कनाडा के विंनिपेग मनिटोबा में संपन्न हुए वर्ल्ड पुलिस फायर गेम्स 2023 में मध्य प्रदेश पुलिस की रीना गुर्जर ने एक स्वर्ण तथा एक रजत पदक प्राप्त किया। कराटे खेल में रीना गुर्जर ने वर्ल्ड पुलिस फायर गेम्स में फिलीपींस के खिलाड़ी को 7-4 के स्कोर से मात दी। रीना गुर्जर ने महिला कराटे कुमिते 68 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक तथा महिला कराटे काता 68 किग्रा वर्ग में रजत पदक अर्जित किया। इस प्रतियोगित में 85 देश से ज्यादा देश ने भाग लिया था।



रीना गुर्जर पुलिस विभाग में मध्य प्रदेश में पदस्थापित हैं। रीना गुर्जर को गोल्डन गर्ल के नाम से जाना जाता है, क्योंकि उन्होंने पुलिस गेम्स में भी चार पदक प्राप्त किए थे। वर्तमान में वह कराटे की अकादमी में स्वयं अपना अभ्यास करती है और खिलाड़ियों को भी सिखाती है। रीना गुर्जर मध्य प्रदेश खेल युवा कल्याण विभाग की मार्शल आर्ट अकादमी में बोर्डिंग प्लेयर 2009 से 2012 तक रह चुकी हैं। उन्होंने नेशनल लेवल पर भी काई पदक प्राप्त किए हैं। रीना ने बताया गया की उनको पुलिस विभाग द्वार अपनी प्रैक्टिस के लिए काफी समय दिया जाता है तथा डीजीपी सर सुधीर सक्सेना सर का भी काफी सपोर्ट रहता है। खेल युवा कल्याण विभाग के डायरेक्टर रविशंकर गुप्ता का भी सपोर्ट मिलता है जिसे वह अपना अभ्यास पूर्ण रूप से कर पाती हैं।

### दोहरी उपलब्धि पर डीजीपी ने दी बधाई



डीजीपी सुधीर सक्सेना से बुधवार को पुलिस मुख्यालय में स्वर्ण पदक विजेता कराटे खिलाड़ी आरक्षक रीना गुर्जर ने भेंट की। डीजीपी सक्सेना ने महिला आरक्षक को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश पुलिस का नाम रोशन करने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी।

# वाराणसी के विशेष भृगुवंशी एक बार फिर भारतीय बास्केटबॉल टीम के कप्तान बने



**प्रखर वाराणसी।** जिले के अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी और अर्जुन पुरस्कार विजेता विशेष भृगुवंशी को एक बार फिर भारतीय बास्केटबॉल टीम का कप्तान चुना गया है। जिला बास्केटबॉल संघ के अवैतनिक सचिव डॉ. अशोक कुमार सिंह ने बताया कि चेन्नई में प्रशिक्षण शिविर में उन्हें कप्तान घोषित किया गया। वह 12 से 17 अगस्त तक सीरिया में होने वाले फीबा ओलंपिक प्री क्वालिफाइंग टूनामेंट में भाग लेंगे। इसमें कजाकिस्तान, सऊदी अरब, सीरिया, बहरीन और इंडोनेशिया की टीमें प्रतिभाग करेंगी। वाराणसी के अर्दली बाजार निवासी विशेष भृगुवंशी उत्तर प्रदेश के एकमात्र बास्केटबॉल खिलाड़ी हैं जो एशियाई खेलों 2010, 2014, सैफ गेम्स, एशिया कप, एशियन बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। साथ ही ये ऐसे पहले भारतीय है जिन्हें अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल के प्रतिष्ठित एनबीएल में खेलने का मौका मिला है।

## लूना-25

# चंद्रयान-3 से एक महीने बाद लॉन्च हो रहा रूसी मून मिशन, लेकिन पहले होगी लैंडिंग



### सालभर करेगा चांद पर काम, खोजेगा पानी

चंद्रयान-3 चंद्रमा की सतह पर दो हफ्ते काम करेगा। जबकि लूना-25 साल भर काम करेगा। लूना-25 का वजन 1.8 टन है. इसमें 31 किलोग्राम के वैज्ञानिक यंत्र हैं. इसमें एक खास यंत्र लगा है जो सतह की 6 इंच खुदाई करके, पत्थर और मिट्टी का सैंपल जमा करेगा. ताकि फ्रोजन वाटर यानी जमे हुए पानी की खोज की जा सके. ताकि भविष्य में जब इंसान चांद पर बेस बनाए तो उसके लिए वहां पानी की व्यवस्था की जा सके।

**मास्को/नई दिल्ली, (एजेंसी)।** 47 साल बाद पहली बार रूस चंद्रमा पर अपना मून मिशन भेज रहा है। नाम है लूना-25। ये मिशन भारत के चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग के करीब एक महीने लॉन्च हो रहा है। चंद्रयान 14 जुलाई को लॉन्च किया गया था। चंद्रयान-3 को 23 अगस्त को चांद के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरना है। लेकिन रूस का लूना-25 की यात्रा जल्दी पूरी होगी। वह 11 अगस्त की सुबह करीब पौने पांच बजे लॉन्च होगा। 21 या 22 अगस्त को वह चंद्रमा की सतह पर पहुंच जाएगा।

**इसकी वजह क्या है-** रूस का रॉकेट सोयुज 2.1बी रॉकेट की ऊंचाई 46.3 मीटर है। जबकि GSLV-Mk-3 की ऊंचाई 49.13 मीटर है। सोयुज का व्यास 2.5 मीटर है. जीएसएलवी का व्यास 2.8 मीटर है.सोयुज का वजन 3.12 लाख किलोग्राम है। जीएसएलवी का वजन 4.14 लाख किलोग्राम है। लेकिन हैरानी इस बात की है कि सोयुज रॉकेट 401.65 करोड़ रुपए का है। जबकि जीएसएलवी रॉकेट 389.23 करोड़ रुपए है। यानी रूस का रॉकेट काफी महंगा है। लूना-25 को लूना-ग्लोब मिशन भी कहते हैं। लूना-25 पांच दिन की यात्रा करके चंद्रमा के पास पहुंचेगा। फिर पांच से सात दिन वह चंद्रमा के चारों तरफ चक्कर लगाएगा। इसके बाद दक्षिणी ध्रुव के पास तय किए गए तीन स्थानों में से किसी एक पर लैंड करेगा। लूना-25 चंद्रमा की सतह पर ऑक्सीजन की खोज करेगा. ताकि पानी बनाया जा सके. रूसी स्पेस एजेंसी ने कहा कि हम किसी देश या स्पेस एजेंसी के साथ प्रतियोगिता नहीं कर रहे हैं। हमारे लैंडिंग इलाके भी अलग हैं।

### खाली कराया जाएगा पूरा एक गांव

लूना-25 दक्षिणी ध्रुव के पास मौजूद बोगुस्लावस्की क्रेटर के पास कहीं लैंड करेगा। लॉन्च के समय पास का एक पूरा गांव खाली कराया जाएगा. वहां के लोगों को सुरक्षित स्थान पर भेजा जाएगा. क्योंकि रॉकेट के निचला हिस्सा उस स्थान पर गिर सकता है। स्थानीय किसानों, शिकारियों को भी सचेत कर दिया गया है कि लॉन्च के बाद इस गांव के आसपास न रहें।



### दो साल की देरी से हो रही है लूना-25 की लॉन्चिंग

रूसी स्पेस एजेंसी लूना-25 को पहले अक्टूबर 2021 में लॉन्च करना चाहती थी। लेकिन इसमें करीब दो साल की देरी हुई है। लूना-25 के साथ यूरोपियन स्पेस एजेंसी (ईएसए) पायलट-डी नेविगेशन कैमरा की टेस्टिंग करना चाहता था. लेकिन यूक्रेन पर हमला करने की वजह से दोनों स्पेस एजेंसियों ने नाता तोड़ लिया।

## जम्मू-कश्मीर में 5 साल में 1002 आतंकी मारे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में 2018 से 2022 के बीच 5 सालों में 761 आतंकी घटनाओं में 174 आम नागरिकों ने जान गंवाई। इस दौरान सुरक्षाबलों ने 1002 आतंकियों का खात्मा किया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर में 2018 से 31 जुलाई, 2023 के बीच सिक्योरिटी फोर्सेज के 319 जवानों ने जान गंवाई। इस दौरान 791 आतंकी घटनाएं हुईं।

## उमर की बेल याचिका पर सुनवाई से जज हटे

**नईदिल्ली, (एजेंसी)।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली दंगों की साजिश रचने के आरोपी जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका पर बुधवार को सुनवाई टाल दी गई। न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना की अध्यक्षता वाली दो सदस्यीय पीठ से न्यायाधीश प्रशांत कुमार मिश्रा के अपने आपको अलग करने के बाद सुनवाई 17 अगस्त के लिए स्थगित कर दी गई। न्यायमूर्ति बोपन्ना ने कहा,' कुछ समस्या है 'इसकी वजह से मामले की सुनवाई एक दूसरी पीठ 17 अगस्त को करेगी।

# सेना की खुफिया जानकारियां अब नहीं होंगी लीक

## मजबूत की जाएगी साइबर सिक्योरिटी

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

मौजूदा दौर में युद्ध के तौर तरीके बदल रहे हैं। अब दुश्मन देश की मिसाइल और तोप से ज्यादा खतरा उसकी तरफ से किए जाने वाले साइबर हमलों से है। इसे देखते हुए भारत के रक्षा मंत्रालय ने एक अहम निर्णय लिया है। अब रक्षा मंत्रालय के कंप्यूटर सिस्टम को हैक करना किसी भी हैकर के लिए समुद्र तैर कर पार करने के बराबर होगा। दरअसल रक्षा मंत्रालय के कंप्यूटर्स में अब माइक्रोसॉफ्ट ऑपरेटिंग सिस्टम की जगह 'माया ऑपरेटिंग सिस्टम' का इस्तेमाल किया जाएगा।

एक अंग्रेजी दैनिक की रिपोर्ट के मुताबिक भारत के रक्षा मंत्रालय ने माइक्रोसॉफ्ट ऑपरेटिंग सिस्टम को हटाने और माया ऑपरेटिंग सिस्टम नाम से एक स्थानीय ऑपरेटिंग सिस्टम अपनाने का फैसला किया है। इसका परीक्षण शुरू हो गया है और मंत्रालय के कुछ कंप्यूटरों में 15 अगस्त तक माया ओएस स्थापित हो जाएगा। मंत्रालय का मानना है कि ओपन-सोर्स प्लेटफॉर्म पर आधारित नया ऑपरेटिंग सिस्टम साइबर सुरक्षा को बढ़ावा देगा। माया ओएस को एक सरकारी एजेंसी द्वारा छह महीने में विकसित किया गया था। इसमें 'एंडपॉइंट डिटेक्शन और सुरक्षा' के लिए अतिरिक्त सुरक्षा सुविधाएं हैं। मंत्रालय सभी सिस्टमों पर माया को स्थापित करना चाहता है। बता दें कि भारतीय नौसेना ने भी अपने सिस्टम में माया ओएस स्थापित करने का निर्णय लिया है जबकि सेना और वायु सेना इसका मूल्यांकन कर रही हैं।



### आक्रामक क्षमताओं का विस्तार होगा

साइबर युद्ध की क्षमता और साइबर हमलों, जासूसी और डेटा चोरी की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए सेना ने अप्रैल में सभी छह परिचालन कमांडों में समर्पित इंटरनेट नेटवर्क बढ़ाने के लिए कदम उठाए। बता दें कि सिर्फ 'ऑपरेटिंग सिस्टम' ही नहीं बल्कि भारतीय सेना दुनिया भर में तेजी से बदल रहे परिदृश्य और युद्ध के नए तौर-तरीकों को देखते हुए अपनी साइबर और अंतरिक्ष युद्ध क्षमताओं को और अधिक विस्तारित और उन्नत करने पर भी विचार कर रही है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने साइबर और अंतरिक्ष युद्ध के खतरों से निपटने के साथ-साथ इस क्षेत्र में भारत की आक्रामक क्षमताओं को तैयार करने के लिए पांच साल पहले रक्षा साइबर एजेंसी और स्पेस साइबर एजेंसी सहित दो एजेंसियों के निर्माण को मंजूरी दी थी।

### नए जमाने के युद्ध के हिसाब से होगी तैयारी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतीय सेना दुनिया भर में तेजी से बदल रहे परिदृश्य और युद्ध के नए तौर-तरीकों को देखते हुए अपनी क्षमताओं को लगातार बढ़ाने में जुटी हुई है। भारतीय सेना में सरकार तीन नए थिएटर कमांड के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रही है। इसी के साथ सैन्य मामलों का विभाग (डीएमए) अपनी साइबर और अंतरिक्ष युद्ध क्षमताओं को और अधिक विस्तारित और उन्नत करने पर विचार कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साइबर और अंतरिक्ष युद्ध के खतरों से निपटने के साथ-साथ इस क्षेत्र में भारत की आक्रामक क्षमताओं को तैयार करने के लिए पांच साल पहले रक्षा साइबर एजेंसी और स्पेस साइबर एजेंसी सहित दो एजेंसियों के निर्माण को मंजूरी दी थी। इन एजेंसियों का नेतृत्व सेना के मेजर जनरल-रैंक अधिकारी करते हैं।



## जम्मू-कश्मीर व भारत के बीच एक समझौता था आर्टिकल 370

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर से **आर्टिकल 370** हटाने के फैसले को चुनौती देने वाली 23 याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार 9 अगस्त को चौथे दिन सुनवाई हुई।

याचिकाकर्ता मुज्जादार इकबाल खान की ओर से सीनियर एडवोकेट गोपाल सुब्रमण्यम ने सुबह 11 बजकर 25 मिनट से जिरह शुरू की। इसे बाद में सीनियर एडवोकेट जफर शाह ने जारी रखा। सुनवाई शाम 4 बजकर 5 मिनट (कुल चार घंटे 40 मिनट) तक चली।इससे पहले तीन दिन 8, 3 और 2 अगस्त को एडवोकेट कपिल सिब्बल ने दलीलें दी थी।

उन्होंने कहा कि विलय के समय जम्मू-कश्मीर किसी अन्य राज्य की तरह नहीं था। उसका अपना संविधान था। हमारे संविधान में विधानसभा और संविधान सभा दोनों को मान्यता प्राप्त है। मूल ढांचा दोनों के संविधान से निकाला जाएगा। डॉ. अंबेडकर ने संविधान के संघीय होने और राज्यों को विशेष अधिकार की बात कही थी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के पास अनकंट्रोल्ड पावर नहीं है। आर्टिकल 370 के खंड 1 के तहत शक्ति का उद्देश्य आपसी समझ पर आधारित है। जम्मू-कश्मीर और भारत के बीच यह व्यवस्था संघवाद का एक समझौता थी। संघवाद एक अलग तरह का सामाजिक अनुबंध है। 370 इस संबंध का ही एक उदाहरण है। इस संघीय सिद्धांत को अनुच्छेद 370 के अंतर्गत ही पढ़ा जाना चाहिए।

## आज का इतिहास

- 1809: इक्वाडोर को स्पेन से आजादी मिली।
- 1822: सीरिया में विनाशकारी भूकंप से 20 हजार लोगों की मौत।
- 1831: कैरेबियाई द्वीप समूह बारबाडोस में चक्रवाती तूफान से डेढ़ हजार लोगों की मौत।
- 1894: वीवी गिरी का जन्म।
- 1962: आज ही के दिन बच्चों का चहेता स्पाइडरमैन कॉमिक बुक अमेजिंग फैंटेसी में नजर आया।
- 1966: अमेरिका ने अंतरिक्ष में रॉकेट उतारने की लिए उपयुक्त स्थान का चित्र लेने पहला अंतरिक्ष यान भेजा।
- 1977: ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ ने कड़ी सुरक्षा के बीच 11 साल बाद उत्तरी आयरलैंड का दौरा किया।
- 1979: उपग्रह प्रक्षेपण यान एसएलवी-3 प्रक्षेपित।

## डिजिटल डाटा संरक्षण विधेयक को संसद से मिली मंजूरी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** राज्यसभा ने लोगों के निजी डाटा के दुरूपयोग पर रोक लगाने तथा इसके लिए सख्त प्रावधान करने वाले डिजिटल व्यक्तिक डाटा संरक्षण बिल को बुधवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया जिससे इस पर संसद की मुहर लग गयी। लोकसभा इसे पहले ही मंजूरी दे चुकी है।

### स्थायी समिति की हुई 100 बैठके

माकपा के जॉन ब्रिटास ने बिल को व्यापक विचार विमर्श के लिए प्रवर समिति में भेजने का संशोधन प्रस्ताव दिया था हालाकि उनके सदन में मौजूद नहीं रहने के कारण यह पेश नहीं किया गया। इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बिल पर हुई संक्षिप्त चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि इस विधेयक के मसौदे पर पिछले छह वर्षों से विचार विमर्श किया जा रहा था। स्थायी समिति की 100 से अधिक बैठकों में भी इस पर व्यापक विचार विमर्श किया गया है। उन्होंने कहा कि विधेयक में साधारण नागरिकों को अनेक अधिकार दिये गये हैं। बिल के प्रावधानों के अनुसार जो भी संस्था नागरिक का डेटा लेती है उसे उसका इस्तेमाल कानून के अनुसार केवल उसी उद्देश्य के लिए करना होगा जिसके लिए डाटा दिया गया है। संस्था को उतना ही डाटा लेने का अधिकार होगा जितना उस कार्य के लिए जरूरी है। संस्था को कार्य पूरा होने के बाद डाटा को अपने स्तर पर मिटाना होगा। संस्था के लिए यह भी जरूरी किया गया है कि वह डाटा संरक्षण के लिए सभी जरूरी प्रावधान करे।

# आदिवासी भारत के पहले निवासी भाजपा मानती है वनवासी: राहुल

### कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बांसवाड़ा की रैली में भाजपा पर बोला हमला

**बांसवाड़ा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बांसवाड़ा की रैली में भाजपा पर हमला बोला। गांधी ने मानगढ़ धाम रैली में कहा कि हम चाहते हैं कि आदिवासियों को उनका हक मिले, उनके सपने पूरे हों। वे (भाजपा) आपको वनवासी कहते हैं और फिर आपकी जमीन छीनकर अदाणी को दे देते हैं। एक बार मैंने अपनी दादी (इंदिरा गांधी) से आदिवासी शब्द के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि ये लोग इस देश के पहले निवासी हैं। अब बीजेपी ने एक नया शब्द वनवासी निकाला है। उनका कहना है कि आप आदिवासी नहीं बल्कि वनवासी हैं। यह आपका (आदिवासी) का अपमान है। वे (भाजपा) चाहते हैं कि आप (आदिवासी) जंगलों में रहे।



### राजस्थान में ओबीसी आरक्षण 27 फीसदी होगा

**बांसवाड़ा/जयपुर (ब्यूरो)।** चुनावी साल में सीएम अशोक गहलोत ने राजस्थान में जातिगत जनगणना करवाने की घोषणा की है। साथ ही, ओबीसी आरक्षण 21 से बढ़ाकर 27 फीसदी करने और मूल ओबीसी के लिए अलग से 6 फीसदी आरक्षण करने की घोषणा की है। गहलोत बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम में विश्व ?आदिवासी दिवस पर हुई सभा में बोल रहे थे। गहलोत ने सभा में कहा- राहुल गांधी ने कहा कि जातिगत जनगणना होनी चाहिए तो पूरे देश में एक मैसेज चला गया। हम चाहेंगे आपकी भावना के हिसाब से राजस्थान में जातिगत जनगणना शुरू होगी। जाति के आधार पर जिसका जितना हक है, उसे मिलेगा।

# उत्तराखंड में भारी बारिश के बाद 6 लोगों की मौत

**देहरादून, (एजेंसी)।** उत्तराखंड में भारी बारिश से विभिन्न स्थानों पर जनहानि व संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। भारी बारिश के बाद जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। केदारनाथ में गौरीकुंड में छप्पर पर ढांग गिरने से दो बच्चों की मौत हो गई। उत्तराखंड मौसम पूर्वानुामन में भारी बारिश का अलर्ट जारी है। बारिश की वजह से उत्तराखंड छह लोगों की मौत हो गई है।

उत्तराखंड चार धाम यात्रा रूट पर यमुनोत्री मार्ग पर हनुमान चट्टी के पास पहाड़ी से चलती बस पर बोल्डर गिरा है। बस पर बोल्डर गिरने से महाराष्ट्र की एक महिला यात्री की मौत हो गई, जबकि अन्य गंभीर रूप से जख्मी हो गया। नैनीताल के मंगोली बरसाती नाले में 44 वर्षीय चंद्रदत्त बिष्ट, पिथौरागढ़ के धारचूला में मलबा हटाते वक्त बोल्डर गिरने से बीआरओ के आपरेटर थंपी पीवी (57) जबकि गदरपुर में पेड़ गिरने से अक्षय नेगी (25) युवक की मौत हो गई। गौरीकुंड के गौरी गांव के समीप बीती रात करीब एक बजे छप्पर के ऊपर ढांग गिरने से तीन बच्चे दब गए, जबकि महिला ने भागकर जान बचाई। इनमें दो बच्चों पिंकी (05) व रियाज (03) की मौत हो गई और एक अन्य स्वीटी (08) को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। केदारनाथ हाईवे नारायणकोटि बैरियर और सिस्ली के पास पिछले 27 घंटें से अवरुद्ध है। मंगलवार दोपहर एक बजे सड़क की पुलिया बह गई थी।

## Filmiतड़का

# रजनी कांत की जेलर पहले दिन का बिजनेस रिकॉर्ड तोड़



**मुंबई।** सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'जेलर' गुरुवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म में रजनीकांत फिर एक बार जबरदस्त एक्शन करते दिखाई पड़ेंगे। मारधाड़ से लबरेज यह फिल्म दरअसल एक एक्शन-कॉमेडी फिल्म है जिसका डायरेक्शन नेल्सन दिलिपकुमार ने किया है। फिल्म का बजट तकरीबन 200 करोड़ रुपए है, लेकिन क्या यह फिल्म भारतीय बॉक्स ऑफिस पर अपनी लागत निकाल पाएगी? एडवांस बुकिंग के आंकड़ों पर गौर करें तो इस बात की पूरी संभावना है कि रजनीकांत की यह फिल्म न सिर्फ अपनी लागत निकालने में कामयाब होगी, बल्कि बॉक्स ऑफिस पर अच्छा मुनाफा भी बनाएगी। 'गदर-2' और 'ओएमजी-2' को छोड़कर सबसे ज्यादा लोगों ने इस फिल्म के लिए टिकट बुक की है, 'जेलर' 14 करोड़ 18 लाख का बिजनेस कर सकती है।



## वेब सीरीज द फ्रीलांसर का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड निर्देशक नीरज पांडे की आने वाली वेब सीरीज द फ्रीलांसर का ट्रेलर रिलीज हो गया है। द फ्रीलांसर में मोहित रैना, अनुपम खेर और कश्मीरा परदेशी की मुख्य भूमिका है। इस सीरीज को नीरज पांडे और भाव धुलिया ने मिलकर निर्देशित किया है और फ्राइडे स्टोरीटेलर्स ने इसे प्रोड्यूस किया है।इस सीरीज में मोहित रैना फ्रीलांसर का रोल कर रहे हैं और अनुपम खेर एनालिस्ट की भूमिका में नजर आएंगे। इस सीरीज में सुशांत सिंह, जॉन कोकेन, गौरी बालाजी, नवनीत मलिक भी नजर आएंगे। इस सीरीज में एक जवान लड़की की कहानी है जो इस्लामिक स्टेट के कब्जे वाले सीरिया में फंस जाती है और वहां से बच निकलने की कोशिश करती है। द फ्रीलांसर का ट्रेलर रिलीज हो गया है। भाव धूलिया ने कहा, द फ्रीलांसर जैसी सीरीज के साथ, हम दर्शकों के सामने एक विश्वसनीय कहानी पेश करना चाहते थे, जो उन्हें यह सोचने और सवाल उठाने पर मजबूर कर दे कि उनके आस-पास क्या हो रहा है। यह एक तरह की थ्रिलर सीरीज है और इस विषय पर बड़ी ही संवेदनशीलता के साथ रोशनी डाली गई है।

## प्रदेश की आईटीआई होंगी मजबूत

**जयपुर।** राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को औद्योगिक प्रशिक्षण दिलाकर उन्हें रोजगार से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के विस्तार के विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की है।

मुख्यमंत्री की स्वीकृति से 19 नवीन आईटीआई में एक व्यवसाय में एक यूनिट के लिए 38 पदों का सृजन किया जा रहा है। इनमें, हरसोली (खैरथल-तिजारा), पूगल (खाजूवाला), श्रीकोलायत, नैनवा, अणवाणा (औसियां), नोहर, धोद (सीकर), नीमका थाना, उमरैण, विजयपुर, लाखनपुर, रामगढ़ पचवारा (लालसोट), मोहनगढ़ (जैसलमेर), साहडोली (रामगढ़), नाहरगढ़ (बारां), फूलवारा (भरतपुर), रामसागड़ा (डूंगरपुर), भटेवर (उदयपुर), गागरिया (शिव-बाढ़मेर) में अधीक्षक और व्यवसाय अनुदेशक के एक-एक पद स्वीकृत किए गए हैं।

# शाह ने संप्रग की तुलना दिवालिया कंपनी से की, नाम बदलना मजबूरी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** लोस में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने अपने गठबंधन का नाम यूपीए से बदलकर इंडियर रख दिया है। गृहमंत्री ने बताया कि विपक्ष ने अपने गठबंधन का नाम क्यों बदला है।

यूपीए सरकार के नाम 12 लाख करोड़ के घोटाले हैं, तो वह जनता के बीच कैसे जाते। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि जब कंपनी दिवालिया हो जाती है, या जिसकी साख खराब हो जाती है, तो वह अपना नाम बदल लेती है। इन्होंने भी नाम बदल लिया है।

शाह ने कहा कि यूपीए ने बोफोर्स घोटाला, 2जी स्पेक्ट्रम, सत्यम घोटाला, कॉमनवेल्थ घोटाला, कोयला घोटाला, टाटा ट्रक घोटाला, आदर्श घोटाला, वोट के बदले नोट घोटाला, नेशनल हेराल्ड घोटाला, डीएलएफ घोटाला, चारा घोटाला, खाद्य सुरक्षा बिल घोटला, गाजियाबाद प्रोविडेंट फंड घोटाला, हर्षद मेहता शेयर मार्केट घोटाला हसन अली हवाला घोटाला आदि।

### 'दम है तो पाक से युद्ध कर लीजिए...', बोले फारूक अब्दुल्ला

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** नेशनल कॉन्फ्रेंस पार्टी के मुखिया और लोकसभा सांसद फारूक अब्दुल्ला ने बुधवार को केंद्र सरकार पर हमला बोला। लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान फारूक अब्दुल्ला ने मंत्री स्मृति इरानी को घेरा। मामला जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 से जुड़ा था। दरअसल, स्मृति इरानी ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटने से पहले तक वहां नाबालिग लड़कियों की शादी पर कोई रोक नहीं थी। इसपर जवाब देते हुए सांसद फारूक अब्दुल्ला ने लोकसभा में कश्मीरी पंडितों का जिक्र किया। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि केंद्र की मंत्री ने कहा कि जब से उनकी सरकार आई है जम्मू कश्मीर में बाल विवाह रुक गए हैं। लेकिन वह पूरी तरह गलत हैं। महाराजा हरि सिंह ने 1928 में एक एक्ट बनाया था जिसके तहत वहां बाल विवाहों पर पूरी तरह रोक लगी थी।

## गहलोत आज करेंगे इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना की शुरुआत

**जयपुर, (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत गुरुवार दोपहर बिड़ला सभागार में 'इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना' का शुभारम्भ करेंगे। मुख्यमंत्री चिरंजीवी परिवार की महिला मुखियाओं को स्मार्टफोन व इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ सिम वितरित करेंगे। साथ ही, 'डिजिटल सखी बुक' लॉन्च करने के बाद राज्य स्तरीय समारोह को सम्बोधित करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सभागार में उपस्थित तथा वी.सी. से जुड़ी लाभार्थियों से संवाद भी करेंगे। योजना में प्रथम चरण में 40 लाख महिला लाभार्थियों को टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया से अधिकृत टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स के माध्यम से स्मार्टफोन एवं सिम मय डेटा कनेक्टिविटी का वितरण किया जाएगा। लाभार्थी शिविरों में अपने पसंद के स्मार्टफोन चुन सकेंगे। इसके लिए लाभार्थियों को स्मार्टफोन व सिम के लिए 6800 रुपए डीबीटी के माध्यम से ई-वॉलेट में जमा किए जाएंगे।

# मुख्यालय सहित जिले भर में मेरी माटी मेरा देश अंतर्गत लिया गया पञ्च प्रण, स्थापित हुआ शिलाफलकम

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत देश भक्तों को नमन करने और उनकी स्मृतियों को हृदय में सजोने और उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा ग्रहण करने, युवाओं को उनके बलिदान एवं देश भक्ति के बारे में बताने, हर वर्ग व हर समुदाय को अपने राष्ट्र के प्रति कृत संकल्पित करने के लिए पूरे देश में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसीक्रम में जनपद गाजीपुर में भी इस कार्यक्रम का आयोजन मुख्यालय, तहसील, ब्लाक एवं ग्राम स्तर पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, सामान्य नागरिकों की भागीदारी के साथ, उल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। मुख्यालय स्तर पर यह कार्यक्रम आमघाट पार्क में बडे. ही घूम-घाम से मनाया गया। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एंव अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सरिता अग्रवाल ने आज इस देश भक्ति से सरावोर अवसर पर आमघाट पार्क में सर्वप्रथम महात्मा गॉधी के मूर्ति पर माल्यार्पण एवं नमन करने के पश्चात दीप प्रज्ज्वलित कर शिलाफलकम् का उद्घाटन किया, साथ ही साथ स्कूली बच्चों तथा जनपदवासियों को शपथ दिलायी गयी। जिलाधिकारी ने स्वयं एवं उपस्थित आगन्तुको, समस्त छात्र-छात्राओ व जनपदवासियों से अमृत कलश में मिट्टी डलवाकर इस कार्यक्रम के उद्देश्य को फलीभूत बनाने की तरफ कदम भी बढ़ाया।

जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि पिछले वर्ष जनपद में तिरंगा अभियान बडे ही उत्साह के साथ मनाया गया था, उसी श्रृखला में आज हम उन पंच तत्व को नमन करेगे जिसमे हम पले बढे है। उन्होने कहा कि हमारा जनपद वीरो की धरती है। यहा पर वीर अब्दुल हमीद, रामउग्रह पाण्डेय, शिवपूजन राय जैसे वीरो ने जन्म लिया। जिन्होने अपने देश की खातिर अपने प्राणो को न्यौछावर कर दिया। आज इन्ही वीरो के नाम से हमारे जनपद के युवा प्रेरित होते हुए देश की रक्षा के लिए अपने प्राणो की आहूति देने को तत्पर रहते है। इसी भावना को जागृत करने के उद्देश्य से आज 09 अगस्त से यह अभियान का शुभारम्भ किया गया है क्योकि हमारे देश में 09 अगस्त 1947 को ही सम्पूर्ण क्रान्ति का आगाज हुआ था, जिसे



अगस्त क्रान्ति के नाम से भी जाना जाता है जिसके कारण अग्रेजो को विवश होकर भारत को छोड़ना पड़ा था और आज ही के दिन मोहम्मदाबाद मे अष्ट शहीदो ने देश के खातिर अपने प्राणो की आहूति दी थी। अमृत काल का समय 2047 तक चलेगा जिसमें हमे आगामी 25 वर्षो मे वो कार्य करने है जो हमने पिछले 75 वर्षो मे नही किये। इस दौरान हम जिस भी क्षेत्र मे है उस क्षेत्र मे अच्छे से अच्छा कार्य करते हुए अपने देश को शीर्ष स्थान पर ले जाये। उन्होने कहा कि पूर्वजो के कथनो के अनुसार पहले हमारा देश विश्व गुरू हुआ करता था लेकिन कई विदेशी आक्रमणो के कारण हमारा देश पीछे चला गया जिसे हमे पुनः वही स्थान दिलाना है और वर्ष 2047 तक जब हमारा देश 100वी आजादी का उत्सव मना रहा होगा तो वह पुनः विश्व गुरू के शीर्ष पर रहे यही प्रण आज हमे लेना है। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने उपस्थित सभी लोगो को पंच प्रण की शपथ दिलायी। इस कार्यक्रम के तहत कार्यालयों, विद्यालयों, तहसीलों एवं ग्रामों में पंच प्रण की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम के अन्त में पूरा परिसर राष्ट्रगान एवं भारत माता,वन्दे मातरम के जयघोष से गूज उठा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व अरूण कुमार सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर प्रखर उत्तम, जिला युवा अधिकारी कपिल देव, जिला पर्यटन सूचना अधिकारी दिव्या तिवारी, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, एवं अन्य जनपदस्तरीय अधिकारी, स्कूली छात्र-छात्राए, प्रबुद्ध नागरिक एवं आमजनमानस उपस्थित रहे। इसी क्रम " मेरी माटी मेरा देश "कार्यक्रम के प्रथम दिन खंड विकास अधिकारी भावरकोल राम कृपाल यादव जी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत शेरपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय शेरपुर खुर्द प्रथम पर अष्ट शहीदों के सम्मान में "शिलाफलकम स्मारक पत्रिका" का अनावरण खंड विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जयानंद राज द्वारा किया गया । इस अवसर पर ग्रामीणों तथा बच्चों के साथ राष्ट्रगान एवं पंचप्रण की शपथ सचिव सूर्यभान राय द्वारा दिलाई गई। जबकि क्षेत्रीय ग्राम विकास संस्थान गाजीपुर में पञ्च प्रण संबंधित शपथ संस्थान के आचार्य पंकज श्रीवास्तव द्वारा संस्थान के अधिकारियों कर्मचारियों एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रतिभागियों को दिलाया गया। इस शपथ कार्यक्रम में संस्थान के राधारमण प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी, मृत्युंजय सिंह प्रधान सेवक, संजय कुमार मौर्य प्रचार सहायक, कृष्णा नंद पांडे लेखाकार, कृष्ण कुमार सिंह एवं प्रमोद कुमार सिन्हा, कमला यादव इत्यादि लोगों ने भाग लिया।

# पूर्व सांसद वीरांगना फूलन देवी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

प्रखर वाराणसी। जिले के शिवपुर परमानंदपुरम कॉलोनी में वाराणसी जिला अध्यक्ष सुचित कुमार साहनी की अगुवाई में विकासशील इंसान पार्टी वीआईपी के कार्यकताओं ने गुरुवार को वीरांगना सांसद फूलन देवी का जन्मदिन को संघर्ष दिवस के रूप में मनाया। कार्यकर्ताओ ने फूलन देवी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर धूमधाम से जन्मदिन मनाने का काम किया। वहीं 31 अगस्त तक सोशल मीडिया व फेसबुक व गांवों में जाकर उनकी जीवन चरित्र की चर्चा करने का निर्णय लिया, ताकि लोगों को उनके कार्यों के बारे में बताया जा सके। जिलाध्यक्ष सुचित कुमार साहनी ने कहा कि आयरन लेडी विश्व की चौथी क्रांतिकारी महिला सांसद वीरांगना फूलन देवी ने जीवन



मे इतिहास रचने का काम किया था। उन्होंने अपने संघर्ष के बलबूते सड़क से संसद तक का सफर किया था। जीवन भर संघर्षों से उनका गहरा नाता रहा है। इसलिए उनके जन्मदिन को हम संघर्ष दिवस के रुप में मनाने का काम किया है।आगामी 31 अगस्त तक कार्यकर्ता गांव गांव जाकर उनके जीवन चरित्र व संघर्ष के बारे में बताने का काम करेंगे।इस मौके पर वाराणसी जिला अध्यक्ष सुचित कुमार साहनी, मीडिया प्रभारी मयंक कुमार,चंदन निषाद, राजेश,अशोक निषाद,शकुंतला देवी,राजकुमार,राजकमल बिंद, कतवारू निषाद, गोविंद साहनी महानगर अध्यक्ष, विनोद निषाद ने किया।

# मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत बैजनाथ इण्टर कालेज ने निकाली तिरंगा यात्रा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गुरुवार को रौजा स्थित बैजनाथ इंटर कॉलेज द्वारा मेरी माटी मेरा देश अभियान के अन्तर्गत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य उदित कुमार मिश्रा( अनुज मिश्रा), पुलिस महकमा से एसआई देवेंद्र बहादुर, राजदेपुर प्रधान नागेंद्र सिंह यादव उर्फ जोगी, जिला पंचायत सदस्य महेश यादव , विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती आशा मिश्रा द्वारा हरी झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा को प्रभात फेरी के रूप में शहर के खोवा मंडी होते हुए लाल दरवाजा मिश्रा बाजार चौराहे पर प्रधानाध्यापिका डॉक्ष्ड पूजा श्रीवास्तव के करकमलो से पंडित दीनदयाल उपाध्याय के मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए महुआबाग चौराहा, सकलेनाबाद, विशेसरगंज होते हुए रौजा ओवरब्रिज के रास्ते विद्यालय पर पहुंच कर प्रभात फेरी



तिरंगा यात्रा का समापन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य उदित कुमार मिश्रा ने बताया कि हमारा जनपद वीरों की धरती है यहां पर वीर अब्दुल हमीद राम उग्र पांडे शिवपूजन राय जैसे वीरों ने जन्म लिया जिन्होंने अपने देश की खातिर अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया आज इन्हीं वीरों के नाम से हमारे जनपद के विवाह प्रेरित होते हुए देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने को तत्पर रहते हैं इसी भावना को जागृत करने के उद्देश्य मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया जा रहा है। प्रभातफेरी में सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाये सुभाष चंद्र, राधेश्याम, बाल कृष्ण राय , संतोष कुमार , मनीष मोहन, हरेंद्र यादव , सत्यम, रवि कुमार , संदीप पाण्डेय ,रामजीत आकाश, बंदना राय, कुसुमलता, शगुफ्ता, श्वेता, व छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया ।

# मोबाइल की दुकान में सेंधमारी कर 5 लाख का मोबाइल उड़ाया



प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के पिंडरा बाजार में बीती रात सेंधमारी कर चोरों ने 25 हजार नगदी समेत 5 लाख रुपये के कीमत के मोबाइल चुरा ले गए। चोरी की घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुची। पिंडरा के उसरा शहीद निवासी आकाश सिंह की पिंडरा बाजार स्थित एसबीआई के सामने मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक की दुकान है। बीती रात चोर पीछे से सेंधमारी कर दुकान में घुसा और आराम से एक बैंग में मोबाइल को भरने व कैश काउंटर में रखे 25 हजार रुपए चुरा ले गया। पीड़ित दुकानदार के मुताबिक 30 से अधिक कीमती स्मार्ट मोबाइल चोरी हुई। जिसकी कीमत साढ़े चार लाख रुपए से अधिक है। वही तहरीर पर मौके पर पहुची फूलपुर पुलिस जांच पड़ताल व सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद लौट गई। पीड़ित के दुकान में दो वर्ष पूर्व भी चोरी का प्रयास किया गया था। उस समय दुकानदार के पहुच जाने पर चोर भाग निकले थे।

## नोनहरा पुलिस ने किया 3 वांछित वारंटीयो की सफल गिरफ्तारी

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर के आदेश क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल मार्गदर्शन में व क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद के निकट पर्यवेक्षण में थाना स्थानीय पर वांछित वारंटीयो की तलाश के क्रम में गुरूवार को वारण्टी शंकर राम पुत्र मंगन राम उम्र करीब 70 वर्ष, मुख्तार पुत्र मंगन राम उम्र करीब 60 वर्ष, गौरी पुत्र मंगन राम उम्र करीब 68 वर्ष निवासीगण रायपुर थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर को धारा 147/148/323/452/427 भादवि थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर को उप निरीक्षक अनिल कुमार मिश्रा व कांस्टेबल आलोक वर्मा व कांस्टेबल सत्येन्द्र गोड द्वारा उनके घर बहदग्राम रायपुर से गिरफ्तार किया गया तथा वारण्टी जोगी पुत्र सुन्दर बिन्द निवासी कमर अलीचक थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर सम्बन्धित धारा 379/411 भादवि थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर को उप निरीक्षक अनूप यादव व कांस्टेबल धमेन्द्र कुमार द्वारा समय 11.30 बजे वारण्टी के घर बहदग्राम कमर अलीचक से गिरफ्तार किया गया।

# नारी सशक्तिकरण और जागरूकता गोष्ठी सम्पन्न

प्रखर शाहगंज जौनपुर। गुरुवार को कोतवाली क्षेत्र के आजाद उसरहटा स्थित अब्दुल अजीज अंसारी डिग्री कालेज में महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आदेश त्यागी ने उपस्थित छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा की महिलाओं की सुरक्षा हेतू सरकार द्वारा प्रदत्त हेल्प लाइन के द्वारा महिला पुलिस सहायता प्राप्त कर सकती हैं।साइबर क्राइम मिशन शक्ति तथा अपराध नियंत्रण पर प्रभारी निरीक्षक द्वारा विस्तार से प्रकाश डाला गया। कर्यक्रम की विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय की प्रबन्धक श्रीमती कहकशां खान रही। उक्त अवसर पर डाक्टर सलीम खान, अमीर सिद्दीकी, नौशाद खान, डाक्टर प्रशांत श्रीवास्तव, श्रीकांत सिंह, डाक्टर



तसनीमा, डाक्टर चिरंजीवी, एवं अनुराग यादव सहित दर्जनों गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात मिशन शक्ति का बुकलेट छात्राओं में वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्राचार्य डाक्टर एनपी उपाध्याय ने किया।एवं आये हुए आगन्तुकों के प्रति आभार प्रकट किया।

# एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के विरोध में एसडीएम से मिले किसान, दिया पत्रक

प्रखर पिंडरा वाराणसी। बाबतपुर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के तहत 7 गांवों के किसानों की ली जा रही जमीन के अधिग्रहण के खिलाफ गुरुवार को दर्जनो किसानों ने 5 सूत्रीय मांगों को लेकर पत्रक एसडीएम पिंडरा को सौंपा और चेतावनी दी कि यदि मांगो पर कार्रवाई नही हुई तो सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होंगे। सुबह साढ़े 11 बजे किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष सेचन पटेल व महामंत्री जगरनाथ पाल के नेतृत्व में दर्जनों किसान जुलूस के रूप में पिंडरा तहसील पहुँचे और थोड़ी देर सभा की और अपनी मांगो लेकर एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा को पत्रक सौपा। जिसमे वर्ष 2023 के मुताबिक मुआवजा देने, विस्थापित किसानों के उचित जगह स्थापित करने व अधिग्रहण के बाद दोनों बाउंडरी वाल के तरफ से आने जाने का रास्ता देने के साथ अधिग्रहण के



पूर्व किसानों के साथ बैठ अधिग्रहण के कार्रवाई की जानकारी देने की मांग की। पिंडरा तहसील पर पत्रक देने के बाद बाबतपुर एयरपोर्ट पहुचे किसानों ने पर्यटन संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह व विधायक डॉ अवधेश सिंह से मिलकर भी मांगो के बाबत पत्रक सौपा।

पत्रक देने के दौरान सुरेन्द्र नारायण मिश्रा, बृजेश दुबे, बबलू मिश्रा, कैलाश प्रजापति, दुर्गा नारायण, प्यारे लाल, नागेंद्र पटेल, बद्री प्रसाद पटेल, तारा देवी, पिंटू पाठक, आशीष प्रजापति, सच्चिदानंद मिश्रा, देवेन्द्र मिश्रा, पप्पू पटेल, सुरेश राव, शिवनारायण पटेल, रामकुमार, रेखा देवी व सूरत पटेल समेत अनेक किसान रहे।

# देश का मान बढ़ाएंगे, हर घर तिरंगा फहरायेंगे : अरविंद यादव



प्रखर गंभीरपुर /आजमगढ़। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत बृहस्पतिवार को भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय सिसरेड़ी एवं प्राथमिक विद्यालय सिसरेड़ी शिक्षा क्षेत्र ठेकमा में हुआ। खंड शिक्षाधिकारी संतोष कुमार तिवारी के कुशल निर्देशन में विद्यालय द्वारा यह कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान अरविंद यादव, प्रधानाध्यापक दिनेश यादव एवं श्याम सुंदर तिवारी ने संयुक्त रूप से तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । तिरंगा यात्रा विद्यालय परिसर से शुरू होकर ग्राम सभा सिसरेड़ी का भ्रमण करते हुए विद्यालय परिसर पर आकर समाप्त हुई ।बच्चों द्वारा एक हाथ मे तिरंगा लेकर गगनभेदी नारे लगाते हुए हर घर तिरंगा लहरायेंगे आजादी का अमृत महोत्सव मनाएंगे,भारत माता की जय , घर- घर तिरंगा फहरायेंगे जैसे नारों से गूंज उठा। तिरंगा यात्रा का संचालन अनुदेशक मनीष कुमार गुप्ता ने किया । इस अवसर पर रामानन्द प्रजापति, सुशील कुमार , अनिल कुमार ,देवेंद्र कुमार, महिमा राय, रेनू सिंह ,सुशील सिंह सहित रसोइयां व छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे ।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वराज भवन में बच्चों ने जाना आजादी का इतिहास



वन अनुसंधान केन्द्र द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वदेश सेवा संस्थान के बच्चों को स्वराज भवन तथा आनन्द भवन का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। आनन्द भवन स्थित संग्रहालय व तारामण्डल भी दिखाया गया` शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक आलोक यादव के मार्ग दर्शन में केन्द्र के अनुसंधान अध्येता राहुल निषाद, सांचिली वर्मा, महुआ पाल, आशीष यादव के निर्देशन मे स्वदेश सेवा संस्थान से सारिका, स्मृति, अनुष्का आदि बच्चे तथा शिक्षक केतन मोदनवाल, दिलीप कुमार आदि अन्य उपस्थित रहे।

### 95 बटालियन ने हर घर तिरंगा कार्यक्रम किया आगाज




प्रखर वाराणसी। आजादी के 76 वी वर्षगांठ के उपलक्ष में श्री सुरेंद्र चौधरी पुलिस उपमहानिरीक्षक रेंज चंदौली के मार्गदर्शन एवं श्री अनिल कुमार बृक्ष कमांडेंट के पर्यवेक्षण में 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने प्राथमिक कन्या विद्यालय, पिसनहरिया, पहाड़िया वाराणसी में हर घर तिरंगा कार्यक्रम की शुरूआत की ' इस कार्यक्रम में लगभग 200 तिरंगा झंडा बांटा गया एवं बच्चों को चॉकलेट देकर प्रोत्साहित भी किया गया। कार्यक्रम में अध्यापक एवं बच्चों के साथ मिलकर एक जन जागरूकता रैली भी निकाली गई ' रैली में सभी को एक-एक तिरंगा देकर अपने अपने घरों पर लगाने के लिए बताया गया एवं तिरंगा झंडे के स्वाभिमान को बचाए रखने के लिए जागरूक भी किया गया ' इस कार्यक्रम में 95 बटालियन के श्री उमाकांत ओझा उप कमांडेंट, सूबेदार मेजर, कुमार राजीव, निरीक्षक नाथूराम सिंह,कमलेश कुमार यादव, प्रवीण सिंह,आशुतोष तिवारी,रमेश सिंह, उमेश प्रताप, धर्मेंद्र कुमार साथ में वाहिनी के तमाम जवानों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया एवं प्राथमिक कन्या विद्यालय के प्रधानाध्यापक मानवेंद्र पांडे, सहायक अध्यापक श्रीमती किरण देवी, शिक्षामित्र श्रीमती नीलम कुमारी, श्रीमती संगीता यादव एवं स्कूल के बच्चों ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया।

### समाजसेवी कुंवर वीरेंद्र सिंह के पहल पर स्टाफ नर्स ने रक्तदान कर बचाई जान



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बुधवार को मेडिकल कॉलेज में कार्यरत नर्स ने खुद अपना रक्तदान कर मेडिकल कॉलेज में भर्ती असहाय मरीज सतिया देवी की जान बचाई। बताते चलें कि मेडिकल कालेज में भर्ती सतिया देवी को ओ.पॉजिटिव ब्लड की अति आवश्यकता थी। लेकिन उसके परिवार में ब्लड देने वाला कोई भी व्यक्ति नहीं था। ब्लड कम होने के कारण मरीज सतिया देवी की हालत गम्भीर बनती जा रही थी। जिसकी जानकारी समाजसेवी कुंवर वीरेंद्र सिंह को हुई। उन्होंने मेडिकल कॉलेज में कार्यरत स्टॉप नर्स प्रियंका मौर्या को ब्लड बैंक आकर अपना ब्लड दान करने को निवेदित किया। वीरेंद्र के निवेदन पर तत्काल नर्स ने आकर अपना रक्तदान किया और मरीज सतिया देवी से मिलकर चली गई।

### हौसलाबुलंद चोरों ने फल की दुकान को बनाया निशाना, पुलिस बेखबर

प्रखर खेतासराय जौनपुर। स्थानीय कस्बा के पुलिस बूथ से महज बीस मीटर दूरी पर स्थित फल की दुकान में हौसला बुलंद चोरों ने हजारों रुपये के फल पर हाथ साफ कर चंपत हो गए ।सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है । एक सप्ताह में नगर में दो चोरी की घटना से पुलिस की पेट्रोलिंग पर सवाल उठ रहा है । मिथलेश कुमार सोनकर की पुलिस बूथ के सामने खुटहन रोड पर फल की दुकान है । बुधवार की शाम दुकान बंद कर अपने घर चला गया। सुबह दुकान खोलने आया तो दुकान में रखा सामान बिखरा देख चोरी होने की अंदेशा हुआ तो दुकान के अंदर देखा तो दुकान में रखा करीब बीस हजार के फल गायब था । घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मौके का मुआयना किया । पुलिस बूथ से महज बीस मीटर दूरी पर हुई चोरी की घटना से दुकानदारों में भय का माहौल व्याप्त है। सूत्रों के अनुसार खेतासराय चौराहे पर रात में शराबी,जुवारी व गजेड़ियो का अड्डा बना रहता है। सीओ शुभम तोदी ने बताया कि मामला हमारे संज्ञान में आया है, खेतासराय में चोरी की घटना को अंकुश लगाया जाएगा । सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों को पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं